फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 32, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 27 फरवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## उमेश हत्याकांडः अतीक का बेटा असद हत्या में शामिल

### लगातार फायरिंग कर रहा था, 7 गोलियां मारीं, 6 आरपार निकलीं; 4 हमलावरों की पहचान

**प्रयागराजः प्रयागराज** में उमेश पाल हत्याकांड में शामिल 4 हमलावरों की पहचान हो गई है। सीसीटीव में हमले में शामिल बाहुबली अतीक अहमद का बेटा असद, अतीक का करीबी बमबाज गुड्डू मुस्लिम, अरमान और मोहम्मद गुलाम की पहचान की गई है। चारों प्रयागराज के ही रहने वाले हैं। हमले में कुल 7 लोग शामिल थे। एडीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार और एडीजी एसटीएफ अमृत अभिजात ने प्रयागराज में डेरा डाल दिया है।

**असद पकड़ से दूरः** उधर, देर रात स्पेशल टॉस्क फोर्स और एसटीएफ की टीम ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय के मुस्लिम बोर्डिंग छात्रावास में छापा मारकर अतीक अहमद के करीबी शूटर मोहम्मद गुलाम के 3 गुर्गों को हिरासत में लिया है। तीनों हमले के बाद मुस्लिम बोर्डिंग छात्रावास में छिपे थे। एसटीएफ ने अभी इनके नाम सार्वजनिक नहीं किए हैं। अमृत अभिजात के नेतृत्व में रातभर छापेमारी जारी रही। अब तक अतीक के बेटों समेत 20 से ज्यादा संदिग्धों को पुलिस ने पूछताछ के लिए उठाया है। अतीक का लड़का असद पुलिस की पकड़ से दूर है। उसे ही इस शूटआउट का मास्टर माइंड माना जा रहा है।

**उमेश पाल को मारी गईं 7 गोलियां, 6 आरपार हुईः** उमेश पाल का शनिवार को पोस्टमॉर्टम किया गया। उसे कुल 7 गोलियां मारी गईं। काफी नजदीक से फायर होने के कारण 6 गोलियां तो उसके शरीर को छलनी कर आर-पार हो गईं, जबकि एक गोली उसके शरीर में ही फंसी रह गई। डॉक्टरों ने उसके शरीर पर कुल 13 चोट के निशान बताए हैं। सभी गोलियां ऑटोमेटेड





पिस्टल से मारी गई हैं। सूत्रों के मुताबिक हमलावरों ने उमेश पाल पर बम से भी हमला किया था। बम उसे न लगकर गली की दीवार पर लगा था। बम इतना शक्तिशाली था कि दीवार का प्लास्टर टूट गया। बताया जाता है कि बम और गोलीबारी में उमेश पाल की आंत भी फट गई थीं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अतीक अहमद के चकिया स्थित घर के पास खाली प्लॉट से एक क्रेटा कार मिली है। उस कार का नंबर बदला हुआ था। यानी उस पर फर्जी नंबर प्लेट लगी थी। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर उसके इंजन नंबर और चेचिस नंबर के आधार पर कार मालिक का पता लगाने में जुटी हुई है।

जिस व्यक्ति का प्लॉट है, उससे भी पूछताछ हो रही है। पुलिस ने सीसीटीवी खंगाला, तो पता चला कि उमेश पाल पर हमला करने के बाद अतीक अहमद के घर तक शूटर इसी क्रेटा से पहुंचे। यहां से दूसरी गाड़ी से कौशांबी की तरफ भाग निकले। शूटरों की तलाश में पुरामुफ्ती, कौशांबी में घंटों सर्च अभियान चला है। हालांकि अभी तक शूटरों का पता नहीं चल सका है।

### पार्टी अरुणाचल से गुजरात तक भारत जोड़ो यात्रा निकालने का विचार कर रही, अपना घर नहीं है, भावुक हुई सोनियाः राहुल गांधी

## 'हमारा सत्याग्रह, भाजपा के 'सत्ताग्रह' से जीतेगा'

**रायपुरः छत्तीसगढ़ के रायपुर में चल रहे कांग्रेस के तीन** दिवसीय महाधिवेशन का रविवार को आखिरी दिन है। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस का सत्याग्रह, भाजपा के 'सत्ताग्रह' से जीतेगा। वो सत्ता के लिए कुछ भी करेंगे, हम सत्य के सहारे लड़ेंगे, और जीतेंगे। उन्होंने अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मैं देश के सभी तबके से मिला। इस दौरान मैंने भारत जोड़ो यात्रा से बहुत कुछ सीखा। उन्होंने कहा कि 'यात्रा' से मुझे बहुत प्यार मिला, 52 साल से मेरा घर नहीं, लेकिन जब कश्मीर पहुंचा तो अपने घर जैसा लगा। राहुल गांधी ने कहा कि मैं सोचता था कि फिट हूं, 20-25 किमी चल लूंगा। लेकिन यात्रा शुरू होते ही घुटने का पुराना दर्द लौट आया और 10-15 दिनों में मेरा अहंकार खत्म हो गया। भारत माता ने मुझे संदेश दिया- तुम अगर कन्याकुमारी से कश्मीर तक चलने निकले हो तो दिल से अहंकार मिटाओ, वर्ना मत चलो। राहुल गांधी ने कहा हमने लोगों के अंदर देशभक्ति की भावना जगाई। हमने किसी को झंडा पकड़ने के लिए नहीं कहा। लोग हमसे खुद ही जुड़ते चले गए। ये मोदी अदाणी का रिश्ता क्या कहलाता है। बीजेपी और आरएसएस उसकी रक्षा कर रही है। शेयर कंपनी हजारों करोड़ों रुपए विदेश भेज रही है, पर सत्ता में रहने के बावजूद नरेंद्र मोदी कुछ नहीं कर पा रहे। अदाणी और मोदी एक ही हैं। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी को आड़े हांथों लेते हुए कहा कि मोदी और अडाणी का रिश्ता क्या है। देश का पूरा धन एक व्यक्ति के हाथों में जा रहा है। हम बार-बार पूछेगें जब तक जवाब नहीं





मिलेगा तब तक पूछेगें कि यह रिश्ता क्या है।

**हम तपस्या करने वाली पार्टी के लोग हैंः** राहुल ने कहा कि हमनें ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ लड़ाई लड़ी, हम पीछे नहीं हटने वाले। हम तपस्या करने वाली पार्टी के लोग हैं। देश के लिए खून पसीना बहा देंगे। इस दौरान अधिवेशन में चारो ओर जमकर नारेबाजी हुई।

### आज तक मेरे पास घर नहीं है: राहुल

**राहुल** गांधी ने कहा, मैं छोटा था, 1977 की बात है। चुनाव आया, मुझे उसके बारे में कुछ नहीं मालूम था। घर में अजीब सा माहौल था। मैंने मां से पूछा मम्मी क्या हुआ। मां कहती हैं कि हम घर छोड़ रहे हैं। तब तक मैं सोचता था कि वो घर हमारा था। मैंने मां से पूछा हम घर क्यों छोड़ रहे हैं। पहली बार मां ने मुझे बताया कि ये हमारा घर नहीं है। ये सरकारी घर है। अब हमें यहां से जाना है। मैंने पूछा कहां जाना है तो कहती हैं कि नहीं मालूम कहां जाना है। मैं हैरान था। मैंने सोचा था कि वो हमारा घर था। 52 साल हो गए मेरे पास घर नहीं है।महिला ने हाथ पकड़ा तो मैंने वही प्यार दिया, जो बहन प्रियंका को देता हूंः राहुल गांधी ने कहा, एक महिला पास आई, उसका हाथ मैंने पकड़ा और पता चल गया कि कुछ ना कुछ बात है। जो मेरा प्यार मेरी बहन के लिए है, वही प्यार मैं उसे देने लगा। मुझे अजीब सा लगा कि ये कैसे हो रहा है। मुझसे उसने कहा-राहुल भैया आपसे मिलने आई हूं।

**लोगों को समझाना हमारा काम है - प्रियंका**

प्रियंका वाड्रा ने कहा कि वे लोग जो देश की राजनीति को देखकर समझ रहे हैं कि कुछ गलत हो रहा है, उन्हें एक मंच देना हमारा काम है। उनकी आवाज को बुलंद करनाहमारा काम है।

## सुरक्षित माहौल में बढ़ रहा यूपीः मोदी

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में बेहतर होती कानून व्यवस्था और व्यापार के लिए सुरक्षित वातारण राज्य में रोजगार और निवेश के नए अवसर पैदा कर रहा है। सुरक्षित महौल के चलते पर्यटक भी बढ़ी संख्या में यहां की यात्रा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से उत्तर प्रदेश में आयोजित रोजगार मेले को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा शासनकाल में उत्तर प्रदेश की पहचान बदल रही है और बेहतर कानून व्यवस्था के साथ यह तेजी से विकास कर रहा है। वहीं इससे पहले राज्य माफिया




और ध्वस्त व्यवस्था से पहचाना जाता था। उत्तर प्रदेश में आयोजित रोजगार मेले के दौरान 9 हजार युवाओं को पुलिस में भर्ती प्रदान की जा रही है। प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि युवा अपने साथ नए विचार और कुशलता लाएंगे। उन्होंने पुलिस में भर्ती होने जा रहे युवाओं से संवेदनशील बनने की अपील की और राज्य सरकार के इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

### मैं इंडियन सिटीजन नहीं हूं: अमृतपाल

**अमृतसरः** पंजाब के अजनाला थाने पर समर्थकों संग हमला करने वाले खालिस्तान समर्थक वारिस पंजाब दे चीफ अमृतपाल ने खुद को भारतीय नागरिक मानने से इनकार कर दिया है। अमृतपाल ने एक न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में कहा - मैं खुद को इंडियन सिटीजन नहीं मानता। पासपोर्ट सिर्फ एक यात्रा का डॉक्यूमेंट है, इससे कोई भारतीय नहीं बन जाता। बता दें कि अमृतपाल ने अपने करीबी लवप्रीत सिंह तूफान को छुड़ाने के लिए समर्थकों समेत अजनाला पुलिस थाने को घेर लिया। जिसके बाद पंजाब पुलिस उसके आगे झुक गई ।

## टारगेट किलिंगः कश्मीरी पंडित को गोली मारी



**श्रीनगरः दक्षिण** कश्मीर के पुलवामा जिले में रविवार को आतंकियों ने एक कश्मीरी पंडित को गोली मार दी। घायल को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। आतंकियों ने 40 साल के संजय शर्मा पर तब हमला किया, जब वह पत्नी के साथ सुबह 10.30 बजे मार्केट जा रहे थे। संजय अचान गांव के रहने वाले थे और बैंक में सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर तैनात थे। अक्टूबर 2022 के बाद ये कश्मीर घाटी की पहली टारगेट किलिंग है। इससे पहले जम्मू के राजौरी के अपर डांगरी गांव में 1 जनवरी 2023 की शाम को 2 अनजान लोग घुस आए थे। उन्होंने पूछ-पूछकर हिंदुओं को गोली मारी। हादसे में 2 बच्चों की मौत हो गई थी।

**कश्मीर फ्रीडम फाइटर्स संगठन ने ली हत्या की जिम्मेदारीः** संजय शर्मा की हत्या की जिम्मेदारी कश्मीर फ्रीडम फाइटर्स नाम के आतंकी संगठन ने ली है। इस संगठन ने एक मैसेज जारी करके कहा कि सुबह हमने अचान (पुलवामा) के रहने वाले काशीनाथ शर्मा के बेटे संजय शर्मा को एलिमिनेट कर दिया। हमने इससे पहले कई बार वॉर्निंग दी है कि भारत के कश्मीरी पंडितों, हिंदू और पर्यटकों को यहां खत्म कर दिया जाएगा। आगे लिखा- आर्टिकल 370 हटाए जाने के बाद ये लोग सिर्फ भारतीय ऑक्यूपेशन के हाथों की कठपुतली बनकर रह गए हैं। इनके जरिए भारत सरकार यहां कब्जा जमाने के अपने एजेंडे को पूरा करना चाहती है। अपनी बारी के लिए तैयार रहना। हम वादा करते हैं कि हमारे शहीद भाइयों के शरीर से गिरे खून के हर एक कतरे का बदला लेंगे। हम लोगों से कहना चाहते हैं कि कब्जा जमाने वालों के नापाक मंसूबों को लेकर सतर्क रहना।

## गया के फल्गु नदी में बम धमाका

**गयाः** गया शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत फल्गु नदी में रविवार की दोपहर बम डिफ्यूज करने के दौरान बीएमपी के 2 जवान समेत पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। बीएमपी के दोनों जवानों की हालत गंभीर है। डाक्टरों ने एक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उनके दोनों हाथ काटकर हटा दिए हैं। बताया गया कि कोतवाली थाना में पिछले दिनों एक अपराधी के पास से छह बम बरामद किया गया था। उसी बम को डिफ्यूज करने के लिए फल्गु नदी में ले जाया गया, जब यह हादसा हो गया। जानकारी के मुताबिक, बम डिफ्यूज करने के लिए बीएमपी 3 के बम डिफ्यूज दस्ता को बुलाया गया था। कोतवाली थाना के पुलिस पदाधिकारी विद्या प्रसाद यादव के देखरेख में बीएमपी के बम डिफ्यूज दस्ता फल्गु नदी में गए थे। बम डिफ्यूज करने के क्रम में विस्फोट हो गया। इसमें इटढ 3 के बम निरोधक दस्ता में शामिल अर्जुन कुमार पंडित, शिव प्रसाद पासवान बुरी तरह जख्मी हो गए। वहीं, घटनास्थल पर मौजूद कोतवाली थाना के पुलिस पदाधिकारी विद्या प्रसाद यादव, जवान प्रमोद कुमार व दिलीप कुमार को भी बम के छींटे लगे हैं। सभी लोगों को पहले जयप्रकाश नारायण अस्पताल में ले जाया गया।

## मन की बातः 'वोकल फॉर लोकल के संकल्प के साथ मनाएं होली'

**नई दिल्लीः प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'मन की बात' को आप सभी ने जनभागीदारी की अभिव्यक्ति का अद्भुत प्लेटफॉर्म बना दिया है। आप अपने मन की शक्ति तो जानते ही हैं, वैसे ही, समाज की शक्ति से देश की शक्ति बढ़ती है, ये हमने मन की बात के अलग-अलग एपिसोड में देखा है और अनुभव किया है और इसे स्वीकार भी किया है। प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे वो दिन याद है, जब हमने मन की बात में




भारत के पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहन की बात की थी। तुरंत उस समय देश में एक लहर सी उठ गई भारतीय खेलों के जुड़ने की, इनमें रमने की, इन्हें सीखने की। मन की बात में जब भारतीय खिलौनों की बात हुई, तो देश के लोगों ने इसे हाथों-हाथ बढ़ावा दे दिया। अब तो भारतीय खिलौनों का इतना ज्यादा क्रेज हो गया है कि विदेशों में भी इनकी डिमांड बहुत बढ़ रही है। उन्होंने कहा, जब हमने स्टोरी टेलिंग की भारतीय विधाओं पर बात की, तो उनकी प्रसिद्धि भी दूर-दूर तक पहुंच गई। लोग, ज्यादा से ज्यादा भारतीय स्टोरी टेलिंग की विधाओं की तरफ आकर्षित होने लगे।

### पूर्वी कमान में तीन महिला अधिकारियों को कमांड भूमिका में तैनात किया गया

## सेना ने पहली बार शुरू की महिलाओं की कमांड भूमिकाओं में तैनाती

**नई दिल्लीः** भारतीय सेना में कमांड भूमिकाओं के लिए 30 से अधिक महिला अधिकारियों की तैनाती के लिए मंजूरी मिलने के बाद अब उनकी तैनाती भी शुरू कर दी गई है। सेना की पूर्वी कमान में पहली बार तीन महिला अधिकारियों को कमांड भूमिका में तैनात किया गया है, जिन्होंने संबंधित सेना इकाइयों में कमांडिंग अधिकारियों के रूप में पदभार संभाल लिया है। महिला अधिकारियों को कर्नल पद पर प्रोन्नत करने के लिए आर्मी चयन बोर्ड गठित होने के बाद महिला अधिकारियों को कमांड रोल्स दिए जा रहे हैं। भारतीय सेना में महिला अधिकारियों को और अधिक सशक्त बनाने के लिए पहली बार कमांड भूमिकाओं पर 30 से अधिक महिला



अधिकारियों की तैनाती को मंजूरी दी गई है। इन महिला अधिकारियों को कॉर्प्स ऑफ इंजीनियर्स, सिग्नल, आयुध और इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल इंजीनियर कोर में तैनात किया जाना है। यह पहली बार है कि भारतीय सेना में इंजीनियर्स, मिलिट्री इंटेलिजेंस, आर्मी एयर डिफेंस, आयुध और सेवा सहित शाखाओं में कमांड भूमिकाओं के लिए महिला अधिकारियों का चयन किया जा रहा है। आर्मी चयन बोर्ड से पास होने वाली महिला अधिकारियों को कमांड की भूमिका दी जाएगी। उन्हें भविष्य में इससे उच्च रैंक पर पदोन्नत किया जा सकता है। इसी तरह कर्नल रैंक पर कमांड असाइनमेंट के लिए महिला अधिकारियों के चयन की प्रक्रिया प्रगति पर है। भारतीय सेना में 108 महिला अधिकारियों को कर्नल रैंक पर पदोन्नत करने के लिए आर्मी चयन बोर्ड का गठन कर दिया गया है।

## पंजाब के 'वारिस' नहीं अमृतपालः सीएम

### खालिस्तान समर्थकों को पाकिस्तान से मिल रहा धनः सीएम मान

**चंडीगढ़ः** खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल सिंह और उसके समर्थकों की हालिया गतिविधियों को लेकर राज्य में जारी उथल-पुथल के बीच रविवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि खालिस्तान समर्थकों को पाकिस्तान और अन्य देशों से पैसा मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने हालांकि खालिस्तानी तत्वों से निपटने के लिए किसी ठोस रणनीति का खुलासा नहीं किया, लेकिन कहा कि पंजाब पुलिस इस मुद्दे से निपटने में सक्षम है और केवल



कुछ ही लोग पंजाब में इसका समर्थन कर रहे हैं।

**'पूरे पंजाब का प्रतिनिधित्व नहीं करते एक हजार लोग'ः** मुख्यमंत्री मान ने कहा, क्या आपको लगता है कि एक हजार लोग (जिन्हें खालिस्तान के समर्थक में नारे लगाते देखा गया) पूरे पंजाब का प्रतिनिधित्व करते हैं? मान से जब पूछा गया।

## खबर संक्षेप

### फर्जी प्रमाण पत्र की शिकायत पर नोटिस

**करछना।** कस्तूरबा गाधी आवासीय बालिका विद्यालय कार्यरत एक चौकीदार के खिलाफ फर्जी प्रमाणपत्र लगाकर नौकरी करने की गई शिकायत के बाद खण्ड शिक्षाधिकारी कार्यालय करछना से कारण बताओ नोटिस जारी की गई है।शिकायतकर्ता छरिबना गांव निवासी शिव शकर यादव ने शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि स्कूल मे तैनात चौकीदार कूटरचित फर्जी प्रमाणपत्र लगाकर नौकरी कर रहा है मामले की जाच खण्ड शिक्षाधिकारी करछना अनिल त्रिपाठी को मिली जाच के बाद चौकीदार को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए जबाब मागा है। इस बावत खण्ड शिक्षा धिकारी ने बताया कि जांच की जा रही है जल्द ही स्कूल से दस्तावेज मागा गया है जिसके बाद कोई कार्यवाही की जाएगी।

# मऊआइमा थाना चौराहे पर बाइक सवार बदमाशों ने मिठाई दुकानदार पर झोंका फायर, बाल बाल बचा

**हड़बड़ाहट में लाइसेंसी रिवाल्वर में फंसी गोली घटना स्थल पर छोड़कर भागे, पुलिस को सौंपा गया**

**चचेरे भाई ने झपटकर एक को जमीन पर गिरा दिया परंतु बदमाशों ने उसे तमंचे के बट से मारकर जख्मी कर दिया**




अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** रविवार को मऊआइमा थाना चौराहे पर सरेशाम तीन बाइक पर आधा दर्जन सवार बदमाशों ने मिष्ठान के दुकानदार पर तीन गोली चलाई। परन्तु तीनों मिस हो गई तो चचेरे भाई ने एक बदमाश को पकड कर गिरा दिया। जिसे बदमाशों ने तमंचे के बटों से सिर पर मार कर घायल कर दिया । लोगों को आता देख हडबडाहट में एक बदमाश की लाइसेंसी गोली फंसी हुई। रिवाल्वर जमीन पर गिर पडी। जिसे पुलिस को सौंप दिया गया। दुकानदार ने तीन नामजद तीन और तीन अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सुलतानपुर खास थाना पडाव फोरलेन चौराहे पर त्रिवेणी स्वीट हाउस के मालिक मुकेश कुमार जायसवाल पुत्र स्वर्गीय पप्पू लाल जायसवाल अपने भाईयों के साथ ठीक थाना चौराहे पर मिष्टान की दुकान चलाता है। मुकेश कुमार जायसवाल के अनुसार पूर्व में एक शादी समारोह में आरकेस्ट्रा पर पैसा लुटाने का कतिपय लोगों से विवाद हुआ था। जिससे उक्त लोग खुन्नस खाए थे। बताया गया है कि रविवार को शाम के समय तीन बाइकों से आधा दर्जन बदमाश आए तीन नीचे उतर कर पहले दो गोली मेरे उपर दो गोली चलाए मिस हो जाने पर फिर मेरे बडे भाई दिलीप कुमार जायसवाल के उपर गोली चलाए वह भी मिस हो गई। इतने मेरे चचेरे भाई लवकुश पुत्र लाल जी जायसवाल आ कर एक बदमाश से भिड गया बदमाश तमंचे की बटों से सिर में मार कर लवकुश को घायल कर दिए। इतने में लोगों आता देख हडबडाहट में बदमाशों की लाइसेंसी रिवाल्वर जिसमें मिस कारतूस फंसी थी। छोड कर भाग गए। बताते हैं कि पुलिस ने काफी दूर तक बदमाशों का पीछा किया। परन्तु सभी बदमाश प्रतापगढ़ के दिवैनी की ओर भाग गए। मुकेश कुमार जायसवाल ने देर रात में मऊआइमा थाने में सलमान पुत्र अज्ञात ग्राम पितईपुर ,सुफियान पुत्र अज्ञात ग्राम बरसन्डा दोनों थाना मान्धाता प्रतापगढ़ ,फक्के उर्फ फखरे आलम पुत्र अज्ञात जददोपुर थाना फाफामऊ तथा तीन अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। बताते हैं कि दोपहर में एक बोलोरो पर वही बदमाश मुकेश कुमार की दुकान से गुजरने थे। बताते हैं कि इसकी सूचना मुकेश ने पुलिस को मौखिक जानकारी दी थी। पुलिस मौके पर गयी थी। परन्तु बोलोरो सवार बदमाश पुलिस को देख कर भाग गए थे। बताया गया है कि दोपहर में मुकेश कुमार लालजी ढाबा रेलवे ओवरब्रिज के नीचे बदमाशों से समझौता कर लिए थे। फिर भी बदमाशों ने कुछ घंटों के बाद हमलावर हो गए।

घटना के संदर्भ में इंस्पेक्टर मऊआइमा सुरेश सिंह ने जानकारी दी कि मुकेश कुमार से पूर्व में बदमाशों से विवाद हुआ था। रविवार को दोपहर में बिना पुलिस को सूचना दिए समझौता कर लिया था। मुकदमा दर्ज किया गया है बदमाशों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बदमाशों के संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है।

## बारा में भूख हड़ताल पर बैठे किसानों की हालत , बिगड़ी

**बारा।** तहसील मुख्यालय परिसर में धान बेचने के बाद भी अँगूठा न लगवाने और पैसों का भुगतान न होने से क्षुब्ध किसानों ने भारतीय किसान यूनियन (भानू) के बैनर तले अनिश्चित कालीन अनशन एवं भूख हड़ताल शुरू कर दिया है।भूख हड़ताल का आज दूसरा दिन है।जिससे अनशन कर रहे दो किसानों की हालत खराब हो गई है।सूचना मिलते ही तहसील प्रशासन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा के अधीक्षक तरुण पाठक को तत्काल प्रभाव से टीम के साथ पहुंचकर किसानों का स्वास्थ्य लाभ जानना चाहा।तहसील परिसर पहुँचे डॉ पाठक की टीम ने अस्वस्थ हुए किसानों का ब्लड प्रेशर, शुगर एवं कुछ जाँचें की और दवाएं भी उपलब्ध कराया, लेकिन प्रशासन की लापरवाही से आहत किसानों ने दी गई दवाओं को वापस कर दिया। किसानों का कहना है कि जब अपनी बेची गई फसलों की कीमतें भी नहीं मिल रही हैं तो जीकर ही क्या करेंगे। मर जाना ही ठीक है।किसानों की बातें सुनकर प्रशासनिक अधिकारी सकते में आये।उन्होंने किसानों को मनाने की कोशिश की, लेकिन किसानों ने बिना भुगतान हुए अनशन न समाप्त करने की बात कही है।

# मदरा मुकुंदपुर गंगा घाट पर अज्ञात युवक का उतराता मिला शव

**पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शुरू की छानबीन, मृतक युवक गांधीनगर सिरसा का है जो दो दिन पूर्व सिरसा के एक गेस्ट हाउस में शादी में शामिल होने गया था**

अखंड भारत संदेश



**मेजा रोड।** मेजा के मदरा मुकुंदपुर गंगा घाट पर एक युवक का शव उतराता हुआ पाया गया। स्थानीय लोगों की सुचना पर पंहुची इलाकाई पुलिस शव को कब्जे में लेकर छानबीन में जुट गई। युवक की शिनाख्त नीरज कुमार पुत्र स्व. पन्ना लाल निवासी गांधीनगर सिरसा के रूप मे हुई। ज्ञात हो कि दो दिन पहले सिरसा मे गेस्ट हाउस में शादी में शामिल होने गया युवक लापता हो गया था। उसकी बाइक गेस्ट हाउस के बाहर खड़ी मिली थी। सुचना पर पंहुची इलाकाई पुलिस जांच पड़ताल मे जुटी हुई थी। वहीं रविवार को दोपहर मेजा थाना क्षेत्र के मदरा मुकुंदपुर गांव के पास गंगा नदी एक युवक का शव उतराता हुआ पाया गया। सुचना पर पंहुची पुलिस ने शव की शिनाख्त की तो पता चला कि दो दिन पहले लापता हुए युवक का शव है। पुलिस अगली कार्रवाई मे जुटी हुई है। फिलहाल युवक की हत्या की गई है कि कुछ और मामला है यह तो जांच का विषय है।

## लायंस क्लब प्रयागराज गौरव ने किया बंदियों का नेत्र परीक्षण और चश्मा वितरण

**नैनी।** लायंस क्लब प्रयागराज गौरव द्वारा सेंट्रल जेल नैनी प्रयागराज में शनिवार को महिला और पुरुष बंदियों का नेत्र परीक्षण किया और बंदियों को 150 चश्मे का वितरण किया गया ' क्लब के सदस्य एवं प्रयागराज के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. संगम लाल विश्वकर्मा तथा उनकी टीम द्वारा नेत्र रोगियों को नेत्र से संबंधित उचित सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान लायंस क्लब प्रयागराज गौरव के सदस्यों ने वरिष्ठ जेल अधीक्षक शशिकांत सिंह को वस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया गया ' लायंस क्लब के अध्यक्ष नागेंद्र सिंह इस कार्य की सफलता के लिए क्लब के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को धन्यवाद दिया। इस दौरान डॉक्टर आर. के. सिंह, संयुक्त निदेशक डॉ. वी. के. मिश्रा, डॉ. संजय तिवारी, हिमांशु गुप्ता , डी.एस. मिश्रा, डॉ. राकेश पासवान, माला मिश्रा, महेश केसरवानी इत्यादि लोग ने अपनी सहभागिता दी।

## किसान के घर लाखों की चोरी सेंधमारी कर उठा ले गए बाक्स को खाली करके फेंका दो सो मीटर दूर



**करछना।** इलाके में बीती रात चोरों ने एक किसान के कच्चे मकान में सेंधमारी कर दी। दीवार तोड़कर अंदर घुसे चोर एक लोहे का भार उठाने गए। बस्ती से कुछ दूरी पर ले जाकर बॉक्स का ताला तोड़ दिया और उसमें रखे 27000 रुपए नगद और तकरीबन एक से डेढ़ लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात कपड़े व अन्य सामान उठा ले गए। सुबह पता चलने पर भुक्तभोगी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। करछना थाना क्षेत्र के बसही (सेवड़रिया) गांव निवासी राजेश कुमार पुत्र यशोदा नंदन खेती किसानी करके पत्नी बच्चों और मां-बाप का भरण पोषण करता है। राजेश के अनुसार 25 फरवरी की रात में वह परिवार के साथ अपने घर के पक्के वाले हिस्से में सोया था। कच्चे मकान के पीछे की दीवाल में सेंधमारी कर के घुसे चोर कमरे में रखा लोहे बाक्स उठा ले गए। हैरानी की बात यह है कि किसी को इसकी कानो कान खबर नहीं लगी। सुबह जब लोग जगे तो सेंधमारी का पता चला खोजबीन की गई। घर से 200 मीटर की दूरी पर टूटा हुआ बक्सा पड़ा मिला। पुलिस को खबर दी गई। पुलिस पहुंची और छानबीन करके वापस लौट गई भुक्तभोगी के अनुसार बक्से में 27000 नगद और सोने चांदी के जेवरात थे। इंस्पेक्टर करछना सुजीत सिंह का कहना है कि चोरी की सूचना मिली है। शिकायत दर्ज हो गई है जांच की जा रही है।

## न्यूज झरोखा

### दरोगा बने मुख्य आरक्षी को थाना अध्यक्ष ने लगाया स्टार



**उतराव।** शासन की ओर से दी गई प्रोन्नति के बाद उपनिरीक्षक बने मुख्य आरक्षी को उतराव थाना अध्यक्ष ने स्टार लगाएं और उन्हें पदोन्नति की बधाई देते हुए अपने कर्तव्य को मुस्तैदी के साथ अंजाम देने का संदेश दिया।रविवार को थाना अध्यक्ष श्रावन कुमार व वरिष्ठ उपनिरीक्षक महेश चन्द ने प्रोन्नति पाकर उपनिरीक्षक बने कन्हैया लाल को स्टार लगाकर प्रोन्नति मिलने की बधाई दी।उन्हें मुस्तैदी के साथ अपने कर्तव्य को अंजाम देने का संदेश दिया। इनके अतिरिक्त उपनिरीक्षक अरविन्द यादव, राम अवतार यादव महेश चन्द,अनिकेत सिंह आदि पदोन्नति पाए उपनिरीक्षक को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### अनियंत्रित ट्रैक्टर मोटरसाइकिल टकराई युवक घायल



**लालापुर।** लालापुर थाना क्षेत्र के अमिलिया रोड पर ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल की भिड़ंत हो गई, जिसमें मोटरसाइकिल सवार की हालत गंभीर बनी हुई है।जानकारी के अनुसार लालापुर के चकसुचेर निवासी अजय कुमार हरिजन पुत्र मोहन लाल उम्र 25 वर्ष रविवार देर शाम को अमिलिया तरफ से अपने घर चकसुचेर आ रहा था कि अमिलिया रोड पर्वत तालाब के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर से आमने सामने से भिड़ंत हो गई, जिसमे मोटरसाइकिल सवार अजय कुमार को गम्भीर चोट आई। मौके पर मौजूद राहगीरों ने 108 एम्बुलेंस को फोंन किया,जिसे उपचार के लिए सीएचसी शंकरगढ़ भेजा गया।

### कचरी गांव के सामने ट्रेन की चपेट में आई महिला की मौत



**करछना।** थाना क्षेत्र के कचरी गांव के सामने दिल्ली हावड़ा रेल रूट मार्ग पर ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक उक्त गांव निवासी शिव लोचन पटेल की पत्नी कमला देवी 55 वर्ष रविवार शाम 4 बजे के करीब तसला में खाद लेकर खेत में जा रही थी। उसी दरमियान घर के पीछे से गुजरी रेलवे ट्रैक पार करते समय अचानक ट्रेन की चपेट में आ गई। हादसे में महिला की मौके पर मौत हो गई। सूचना होने पर स्थानी पुलिस मौके पर पहुंची और लिखा पढ़ी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम भेज दिया।

### नये मार्ग हेतु किया गया भूमिपूजन



**लेडियारी।** लेडियारी में शनिवार को जिला पंचायत निधि से प्रजापति बस्ती से लेकर केशरवानी बस्ती तक सी सी सड़क का शिलान्यास जिला पंचायत प्रतिनिधि ओंकार नाथ केशरवानी ने किया।जिसे देख क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रजापति बस्ती से केशरवानी बस्ती तक चार सौ मीटर तक की सी सी रोड जिसकी अनुमानित लागत 20.48 लाख है।जिसका उद्योगपति व वर्तमान भाजपा जिला पंचायत प्रतिनिधि ने उक्त अवसर पर कहा कि हम जनता के सेवक हैं और यूपी सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाना हमारा उत्तरदाइत्व बनता है जो की संभवतः प्रयासरत भी हूं और भविष्य में भी रहुंगा।जहां पर पानी, बिजली और सड़के नही हैं वहां पर यूपी सरकार की योजना के अंतर्गत सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेंगी। इस मौके पर भागिरथि केशरवानी,अशोक केशरवानी, अशोक गुप्ता, विजय,पंकज केशरवानी, हनुमान क्षेत्र पंचायत सदस्य, शेरा प्रजापति, राजकुमार सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# शांति पूर्वक मनाएं होली त्योहार, पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न



अखंड भारत संदेश

**उतरांव।** उतरांव थाना में सबसे पहले थाना प्रभारी श्रवण कुमार ने कन्हैयालाल का पदोन्नत होने पर एसआई का स्टार लगा कर सम्मानित किये। और उन्होंने सबको जलपान कराए। तब पीस कमेटी का बैठक का शुभारंभ किया गया। फिर शांतिपूर्ण ढंग से होली त्योहार मनाने को लेकर रविवार को उतरांव थाने में एसीपी सुधीर कुमार की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी से शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने की अपील की गयी। बैठक के दौरान थाना अध्यक्ष उतरांव श्रावन कुमार ने कहा कि होली का त्योहार रंगों और भाईचारे का त्योहार है। इसे सभी मिलजुल कर सौहार्द पूर्वक मनायें। और होली वाले दिन सभी अभिभावक अपने बच्चों को मोटरसाइकिल की चाभी न दे ताकि दुर्घटना से बच सके। इसी बीच एसीपी सुधीर कुमार ने कहा कि शराब का सेवन कर माहौल खराब करने वाले हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि होली के दिन अवैध शराब बेचने वालों की सूचना पुलिस को दें। ताकि पुलिस शराब बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई कर सके। इस बीच सकुशल और शांति पूर्वक त्यौहार मनाने की अपील की गई। उक्त अवसर पर शिव कुमार प्रधान, रामदीन प्रधान, नागेन्द्र सिंह चच्चू, प्रधान इश्तेखार अहमद, कमलेश यादव,दिलशाद अहमद,राम सेवक,त्रिलोकी नाथ,रवि पटेल, चैत्तू,राम दीन प्रधान,बिपिन सिंह प्रधान पुत्र अशोक केशरवानी ज़िला पंचायत सदस्य,देवेश त्रिपाठी उर्फ नान गुरू, इदरीस भाई,राम चन्द्र प्रधान,सरफराज आदि सभी प्रधान औ संभ्रांत व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## होली पर्व भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं : वी के मिश्र



**कोरांव।** कोरांव थाना परिसर में होली पर्व को ले कर पीस कमेटी बैठक सहायक पुलिस आयुक्त मेजा वी के मिश्र की अध्यक्षता में आहूत हुई। बैठक में श्री मिस्त्र ने त्योहार रजिस्टर का अवलोकन करने बाद प्रत्येक क्षेत्र की नई पुरानी समस्याओं पर लोगों से चर्चा की। साथ ही समस्याओं के समाधान एवम किसी भी त्योहार से सबन्धित मामलो को हो करने का अश्वचान भी दिया। उन्होंने शराब की तस्करी करने वालों और अवैध ढंग से निर्माण कर बिक्री करने वालों के भी विषय में लोगों से पुलिस को सूचित कर सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया। समय से रंगों के खेल और रीति रिवाज को कानून व्यवस्था के दायरे में अपनाने का भी आग्रह किया। लोगों ने अपने अपने विचार भी व्यक्ति किए और पुलिस ।का ध्यान आकृष्ट किया। श्री मिश्र ने इंस्पेक्टर कोराव और सभी उप निरीक्षकों कर्मियों और किसी भी दशा में त्योहार पर शांति व्यवस्था भंग न होने के लिए निर्देशित किया। बैठक में कोतवाल धीरेंद्र सिंह सहित इलाके के काफी आमजन कस्बे के लोग सोशल वर्कर पत्रकार आदि मौजूद रहे।

## गर्भवती महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**बारा।** थाना क्षेत्र के भेलांव गाँव में एक गर्भवती मजदूर महिला के साथ गाँव के ही तीन शराबियों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है।महिला का गर्भपात कराने के बाद डॉक्टर ने उसकी जान बचाई।पीड़िता ने पुलिस पर कोई कार्यवाही न करने का आरोप लगाया है।शंकरगढ़ थाना क्षेत्र की एक महिला भेलांव गाँव में ही रहकर मजदूरी करती है। महिला के अनुसार बीती सात फरवरी को गाँव के तीन युवकों ने शराब के नशे में धुत होकर उसके साथ बलात्कार किया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई।ग्रामीणों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शंकरगढ़ में भर्ती कराया।उसकी नाजुक हालत देख चिकित्सकों ने उसे एसआरएन अस्पताल भेजवाया।चार दिन इलाज करने के बाद उसका ऑपरेशन कर महिला का गर्भपात करवा दिया, तब उसकी जान बच सकी। पीड़िता ने बारा थाने में आरोपियों के विरुद्ध शिकायती पत्र देकर कड़ी कार्यवाही करने की गुहार लगायी,लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई।थक हारकर महिला ने यमुनानगर पुलिस उपायुक्त को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने तत्काल प्रभाव से पीड़िता की तहरीर पर एसीपी बारा सन्तलाल सरोज को कार्यवाही करने का आदेश दिया। इस सम्बंध में बारा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि जाँच की जा रही है।मैं स्वयं ही आमगोंदर गाँव में गया था लेकिन किसी ने भी महिला और उसके पति के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। मामला पेशबंदी का लगता है, बहरहाल निष्पक्ष जांच कर प्रभावी कार्यवाही की जायेगी।

## आवारा गोवंश से परेशान, किसान हालाकन



**लालापुर।** क्षेत्र के मझियारी, महेरा, नागनपुर, गोझवार गांव के किसान इस समय दिन तो दिन रात को भी खेतो मे नजर आते हैं। किसानो से बातचीत के दौरान पता चला कि रात को अगर किसान घर पर रह गए तो सुबह सारी फसल साफ मिलेगी। यमुना नदी का स्त्रोत इसी मौजे की भूमि पर होने के कारण खरीफ की फसल के दौरान धान और बाजरे की फसल बाढ़ से खराब हो गई अब गेहूं,सरसो, चना आदि की खेती भी आवारा पशुओं से बचाना मुश्किल बना हुआ है। इन्ही फसलों के भरोसे ही किसान कोई धार्मिक उत्सव शादी ब्याह आदि कार्य करता है। लेकिन अगर खेती ही नही होगी तो किसान का जीविकोपार्जन कैसे होगा। विनोद पाण्डेय, जयप्रकाश पाण्डेय,कुलदीप पाण्डेय, कमलाकांत मलैहा, शीलू पाण्डेय, अंकुश पाण्डेय अंश, लल्लन सिंह, दुल्लन पाण्डेय, ओमप्रकाश पाण्डेय, बजरंगी भारतीया आदि सैकड़ों ग्रामीणो ने सरकार से मांग किया है कि राजस्व विभाग द्वारा जमीन चिन्हित करवा कर सरकार एक गौशाले का निर्माण करवा दे या खेतों को घेरने के लिए सरकार किसानो को कुछ अनुदान दे नही तो गरीब किसान भूखा मर जायेगा। अंकुश पाण्डेय अंश मण्डल अध्यक्ष बीजेपी (कि. मो.) ने कहा की इस विषय मे यदि सरकार नही ध्यान देगी तो गरीब किसान भुखमरी के शिकार हो जाएंगे इसलिए जल्द ही सरकारी प्रतिनिधियों और अधिकारियो को इस विषय के बारे मे अवगत कराकर इस कार्य को जल्द से जल्द कराया जायेगा।

# भाजपा कार्यकताओं एवं ग्रामीणों ने सुनी पीएम की मन की बात

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** भाजपा मंडल सहसों के ग्राम सभा देवनहरी में लक्ष्मी कांत मिश्र के आवास पर मंडल महामंत्री पवन कुमार शुक्ला की उपस्थिति में कार्यकताओं एवं ग्रामीणों ने मन की बात कार्यक्रम के 98वां संस्करण में प्रधानमंत्री ने कहा डिजिटल इंडिया के माध्यम से संजीवनी ऐप तथा यूपीआई के माध्यम से आज देश नई तरक्की के साथ नई ऊंचाइयों को छू रहा है। यही नहीं संजीवनी ऐप के माध्यम से जहां आज देश की जनता योग्य डॉक्टर की उचित सलाह पा रहे हैं वहीं उनकी जांच भी हो रही है। आदि योजनाओं पर भी पीएम मोदी ने मन की बात में बताया। इस अवसर पर मुख्य रूप से श्री नाथ तिवारी, गुलाब प्रसाद त्रिपाठी, अजय कुमार शुक्ला, अनिल कुमार शुक्ल, राजकुमार शुक्ल, छोटे लाल पाल, विमलेश कुमार मिश्रा, नितेश कुमार मिश्र, बालमुकुंद पाल, बबऊ पाल, शकुंतला शुक्ला, सोहनी मिश्रा, सूरसती देवी, श्याम नारायण मिश्रा, बलराम पाल, श्रीचंद कनौजिया सहित आदि ग्रामीणों ने मन की बात को सुना। इसी तरह सहसों स्थित पंचायत भवन में जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल की उपस्थिति में पार्टी कार्यकर्ता एवं व्यापारियों ने पीएम मोदी की मन की बात को ध्यान से सुना। जिसमें प्रधानमंत्री ने बताया कि यूपीआई के माध्यम से आज देश ही नहीं विदेशों में भी लोग दैनिक लेनदेन के साथ-साथ व्यापारिक कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता राजधर द्विवेदी, सिद्ध नारायण ऑडिटर, राजेंद्र केसरवानी, टुनटुन मोदनवाल, शिव बाबू केसरवानी, मनोज तिवारी, सौरभ शुक्ला, जयेश केसरवानी आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में सहसों के सिंगरामऊ में भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री की मन की बात को बहुत ही उत्साह से सुना तथा पीएम मोदी द्वारा देश के प्रति विभिन्न योजनाओं एवं उनके किए गए कार्यों की प्रशंसा किया। मन की बात सुनने वालों में प्रमुख रूप से बालकृष्ण पांडेय, श्यामकृष्ण पांडेय,आदर्श पांडेय, अखिलेश सिंह पटेल, सूर्यकुमारी ,रेखा देवी, रिया पांडेय, शुभम पांडेय, जय पांडेय, कृष्णा पांडेय, राज पांडेय, रूद्र पांडेय, अथर्व पांडेय, राम नारायण श्रीवास्तव, श्याम नारायण श्रीवास्तव, रामचंद्र श्रीवास्तव, सुरेशचंद्र श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



## जसरा मंडल के सभी बूथों पर कार्यकताओं ने सुनी मन की बात

**बूथ समिति के कार्यकर्ताओ संग बैठक कर 2024 विजय मे जुटने का किया आह्वावान**

**जसरा।** भारतीय जनता पार्टी जिला मंत्री यमुनापार कमलेश त्रिपाठी जसरा मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य सुरेन्द्र सिंह पटेल के आवास पर कार्यकर्ताओ पदाधिकारियो संग सुनकर बूथ समिति के कार्यकर्ताओ संग बैठक करते हुए बूथ मजबूत कर लगातार विजय पताका लहराने का अनुरोध किया। वही मंडल महामंत्री नीरज केसरवानी ने सेहुंडा में भूपेन्द्र पाठक ने परसरा में मन की बात को कार्यकताओं के साथ बैठकर सुना। बैठक के अंत मे भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने भी कार्यकर्ताओ को सम्बोधित किया। बैठक मे भाजपा नेता चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य सुरेन्द्र सिंह पटेल, अशोक तिवारी, आलोक पाठक, सुबोध जायसवाल,प्रदीप मिश्र,धीरेन्द्र मिश्र, राजाबाबू पाठक, अरूण मालवीय, लल्लू सिंह, आलोक द्विवेदी, निधीष पाठक, अवध बिहारी मिश्रा, बबलू पटेल, आशीष सोनकर, राकेश पाठक, अश्वनी द्विवेदी, गोपाल केसरवानी, देवराज सिंह, शिवाकांत तिवारी, सुरेश मिश्रा आदि के साथ भारी सख्यां मे कार्यकर्ता पदाधिकारी जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



# दो बाइकों की आमने सामने की टक्कर में पिता पुत्री समेत तीन की मौत

## तीन अन्य घायलों की हालत नाजुक, प्रयागराज में चल रहा है इलाज

**शनिवार को देर रात भावन पुर गांव के पास हुई दुर्घटना**

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शनिवार को देर शाम डेरवा बाबूगंज रोड पर भावनपुर प्राथमिक विद्यालय के पास दो बाइकों में हुई जोरदार भिड़ंत में पिता पुत्री समेत तीन लोगों की मौत हो गई जब तीन अन्य गम्भीर रूप से घायलों का प्रयागराज के स्वरूप रानी चिकित्सालय में इलाज चल रहा है।रविवार को मृतकों के घरों पर कोहराम सा मचा हुआ है। और घटना की जानकारी पर क्षेत्रवासियों की भारी भीड़ जमा नजर आ रही है। जेठवारा थाना क्षेत्र के डेरवा कस्बे के निवासी अजय मोदनवाल 45 वर्ष अपनी ससुराल से बाइक से पत्नी सुनीता 42 बेटे कार्तिकेय 10 व बेटी प्राची 8 को बाइक पर लेकर अपने घर आ रहे थे वे घर से करीब 2 किमी दूर भावनपुर पहुचे थे इसी बीच डेरवा की ओर से बाइक से डेरवा के ही निवासी जाकिर 18 वर्ष पुत्र अमानत उल्ला व रजी 20 वर्ष पुत्र मुर्तजा बाबूगंज की ओर जा रहे थे भावनपुर प्राथमिक विद्यालय के पास दोनों बाइकों में जोरदार टक्कर हो गयी। जिससे दोनों बाइकों पर सवार सभी 6 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद एकत्र ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों के साथ जेठवारा पुलिस को दी। मौके पर पहुची पुलिस ने गम्भीर रूप से जख्मी अजय मोदनवाल को बाघराय सीएचसी भेजवाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया अन्य घायलों को इलाज के लिए सीएचसी लालगंज ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राची को भी मृत करार दे दिया अन्य घायलों को गम्भीर हालत के मद्देनजर प्रयागराज के स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय भेजा गया जहाँ इलाज के दौरान जाकिर की भी सासें थम गई अन्य घायलों की हालत भी नाजुक बताई जा रही है। मृतक अजय मोदनवाल को एक पुत्र व तीन पुत्रियां थी और वह कस्बे में मिठाई की दुकान चलाकर अपने परिवार का पालन किया करता था। जबकि एक अन्य मृतक जाकिर इस वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा दे रहा था और अपने 5 भाइयों में सबसे छोटा था। कस्बे में इस दुर्घटना की जगह जगह चर्चा हो रही है वही मृतक के परिजनो में कोहराम से मचा हुआ है।

## किशोरी के साथ किशोर ने किया दुष्कर्म

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगज थाना क्षेत्र के सिंदुराइपुर गाव में गांव की एक दस वर्षीय नाबालिक किशोरी के साथ गांव के एक पन्द्रह साल का नाबालिक किशोर द्वारा दुराचार करने का मामला शनिवार को प्रकाश में आया। पीड़ित परिवार की तरफ से रविवार को थाना प्रभारी घटना की तहरीर दी गई जिस पर तहरीर मिलते ही नवाबगंज पुलिस दुराचार के आरोपी नाबालिक किशोर को पुलिस पूछताछ के लिए थाने ले आई है जिससे पूछताछ जारी है। इस बाबत थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी का कहना है कि आरोपी नाबालिक लड़के से पूछताछ की जा रही है। मामला सही पाए जाने पर आरोपी नाबालिक लड़के के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा और महिला पुलिस की देख रेख में किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेजा जाएगा।

## विवादित जमीन पर कर रहे निर्माण रोकने पर महिला को पीटा

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के पूरेभीखा गांव में विवादित जमीन पर दबंग पड़ोसियों द्वारा निर्माण किया जा रहा था। उसका विरोध करने पर दबंगों ने महिला को लाठी-डंडों से जमकर पीट दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़ित महिला ने नामजद आरोपियों खिलाफ तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के पूरेभीखा गांव की रहने वाली नजमा वानो पत्नी महबूब अली ने आरोपित किया है कि उसकी आबादी की जमीन को लेकर न्यायालय में मुकदमा चल रहा है। इसके बावजूद भी दबंग पड़ोसियों द्वारा उस पर निर्माण किया जा रहा था। रविवार की सुबह 6:00 बजे के आसपास पीड़िता ने मना करने के लिए गई उक्त दबंग लोगों ने महिला की लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी। जिससे उसके सर और शरीर में गंभीर चोटे आई। फिलहाल इस मामले में पुलिस पीड़िता का मेडिकल कराने के बाद तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## तीन आरोपियों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने घर में घुसकर पीड़िता के साथ मारपीट तथा गालीगलौज व तोड़फोड़ को लेकर तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पेटरियापुर निवासी धर्मेन्द्र मिश्र की पत्नी नीतू मिश्रा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चैबीस फरवरी को गांव के हरिशंकर के पुत्र भोलानाथ तथा भोलानाथ के पुत्र कार्तिक मिश्रा एवं पत्नी मिथलेश कुमारी रंजिशन उसके दरवाजे चढ़ आए। आरोपी पीड़िता को गाली देने लगे। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसे घर में घुसकर मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते घरेलू सामान में भी तोड़फोड़कर चले गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी कार्तिक समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## संदिग्ध हालत में कुएं में मिला वृद्धा का शव, पुलिस को पीएम रिपोर्ट का इंतजार

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संदिग्ध परिस्थितियों में कुएं में गिरकर महिला की मौत हो गयी। सांगीपुर थाना के कटरा गांव निवासी रामफल की पत्नी देवकली रविवार की सुबह तीन बजे घर से निकली। काफी देर तक वृद्धा के घर वापस न पहुंचने पर परेशान परिजन उसकी खोजबीन करने लगे। इस बीच घर के समीप कुएं में वृद्धा का शव उतराया मिला। जानकारी मिलने पर परिजन पहुंचे और रामकली को मृत देख आवाक रह गए। सूचना पर सांगीपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतका का शव कुएं से निकलवाया और कब्जे में ले लिया। पुलिस ने मृतका का शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया है। पुलिस का कहना है शव पीएम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## रोजगार मेले का होगा आयोजन कल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वाधान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कुण्डा (मौली छोटी चकिया) में 28 फरवरी 2023 को पूर्वान्ह 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया गया है जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा विभिन्न रिक्त पदों जैसे आपरेटर, सेल्स आफिसर, अप्रेन्टिसशिप ट्रेनिंग इत्यादि हेतु बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। पूर्व से सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकृत अभ्यर्थी अपनी लागिन आई0डी0 व पासवर्ड द्वारा आवेदन कर रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते है। इच्छुक अभ्यर्थी अपनी समस्त मूल शैक्षिक योग्यताओं एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ आई0टी0आई0 कुण्डा में पूर्वान्ह 10 बजे उपस्थित हो। उधर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के नोडल प्रधानाचार्य बीबी सिंह ने बताया है कि 28 फरवरी 2023 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, प्रतापगढ़ में लावा इण्टर नेशनल लिमिटेड नोएडा, सुब्रोस लिमिटेड नोएडा, यू0टी0एल0 सोलर नोएडा द्वारा 18 से 25 वर्ष के आईटीआई से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का अप्रेंटिस मेला लगाया जायेगा। इस कम्पनी द्वारा सफल अभ्यर्थियों को नॉन आईटीआई एवं आईटीआई से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्रतिमाह 10 हजार रुपए से 14 हजार रुपए (योग्यता व साक्षात्कार के अनुसार) तक देय प्राप्त होगा। ट्रेड इलेक्ट्रीशियन, फिटर, वेल्डर, मशीनिष्ट, टर्नर एवं सभी इंजीनियरिंग ट्रेड उत्तीर्ण इच्छुक अभ्यर्थी पूर्वान्ह 10 बजे अपने समस्त मूल प्रपत्र के साथ उपस्थित हो। अधिक जानकारी के लिये प्लेसमेन्ट प्रभारी अधिकारी उर्मिला पाल से सम्पर्क कर सकते हैं।

# जन समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराए अधिकारीः सांसद

## जन चौपाल में सांसद विनोद सोनकर ने सुनी जन समास्या

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारण कराएं अधिकारी क्योंकि बड़ी उम्मीद के साथ लोग जनप्रतिनिधियों के पास आते हैं, इसलिए समय से जन समस्याओं का निस्तारण हो। सरकार की योजनाएं समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे इसकी भी चिंता अधिकारी करें। केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा गांव, गरीब, किसान, युवाओ के लिए सरकार कार्य कर रहे हैं।

उक्त बातें कौशांबी लोकसभा के लोकप्रिय सांसद, संसदीय आचार समिति लोक सभा के चेयरमैन, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव, दादरा नगर हवेली एवं दमन दीप के प्रभारी विनोद सोनकर ने रविवार को बाबागंज विधानसभा के अशोगी गांव में



जन चौपाल में समस्याएं सुनते सांसद विनोद सोनकर।

जन चैपाल कार्यक्रम में पहुंच कर जन समस्या सुनी। जन सुनवाई कार्यक्रम में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्या लेकर आए। सांसद ने सभी के प्रार्थना पत्रों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण हेतु आदेश दिया। कार्यक्रम में आए हुए जनता जनार्दन को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में जन कल्याणकारी योजनाएं चल रही है। सरकार की योजनाएं आम जनमानस तक पहुंच रही है। सांसद ने कहा कि मेरे प्रस्ताव पर कुंडा के मवई एवम् बाबूगंज में रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज बनाने के लिए रेल मंत्रालय ने संस्तुति दी है। सौ करोड़ की लागत से कुंडा में पहला ओवर ब्रिज बनने जा रहा है।

रायबरेली से प्रयागराज तक सड़क फोरलेन बनाई जा रही है। आलापुर में बाईपास का कार्य चल रहा है। करेंटी में गंगा पुल बनने से कुंडा व कौशांबी में व्यापार बढ़ा है। कुंडा में रोडबेज स्टेशन का मरम्मत का कार्य चल रहा है। रेलवे लाइन का दोहरीकरण एवम् विद्युतीकरण के लिए पचास करोड़ रुपए रेलवे ने स्वीकृत कर दिया है। अब कुंडा व बाबागंज विधानसभा का विकास कार्य निरंतर जारी रहेगा। 2014 से जो विकास का रथ चला है वह रुकने वाला नही है। कई गांव के लोग कहते है कि आप पहले सांसद है जो जन समस्या सुनने गांव तक रहे है। आप के पूर्व कोई सांसद कभी नहीं आया। अशोगी गांव के बाद पूरे फत्ते सिंह, कल्याणपुर व बुढ़ियापुर गांव पहुंच कर जन समस्या सुनी। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, कमलेश सोनकर, सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, भाजपा नेता अभय प्रताप सिंह पप्पन, खंड विकास अधिकारी अश्वनी सोनकर, मंडल अध्यक्ष अमर जीत सिंह, उदय शंकर मिश्र, प्रधान सूरज शुक्ला, राजेन्द्र यादव, संतोष तिवारी, अल्का सरोज, महेश सिंह फौजी, गोविन्द चैधरी, लाल जी पटेल, गोविन्द तिवारी, अरुण पाण्डेय, डिंपू जायसवाल, राम शंकर , सरोज त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## नगर में निकाली गई सामाजिक चेतना को लेकर शोभायात्रा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दहेज तथा नशामुक्त एवं चरित्र निर्माण की सामाजिक जागरूकता को लेकर रविवार को यहां सद्गुरू शोभायात्रा निकाली गयी। संत गोविन्ददास जी के बोध दिवस पर संत रामपाल जी के अनुयायियों ने नगर के इन्दिरा चैक से डिग्री कॉलेज गेट होते हुए संगम चैराहे तक निकाली शोभायात्रा में सामाजिक कुरीतियों को मिटाने को लेकर जागरूकता दी।

जागरूकता को लेकर निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई दिखी। संयोजक भूनेश्वर पाण्डेय भगत जी ने कहा कि सामाजिक नव निर्माण के लिए दहेज जैसी कुरीति को मिटाने के साथ युवाओं को नशामुक्त किया जाना आवश्यक है। वहीं सहसंयोजक उमाशंकर भगत ने चरित्र निर्माण को लेकर भी सामाजिक चेतना का आह्वान किया। शोभायात्रा में कृष्णादास, अखिलेशदास, दुष्यंत भगत, यशोदादासी, भावना, राजकुमारी आदि रहे।

## नवाबगज चौराहा छोटे वाहनों के अतिक्रमण के चपेट में, राहगीर हो रहे परेशान

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** लखनऊ प्रयागराज नेशनल हाइवे पर इन दिनों नवाबगज चैराहा व आलापुर चैराहा छोटे ई रिक्शा के वाहनों की चपेट के मकडजाल में फंसा हुआ है जिससे दो पहिया के साथ चार पहिया वाहनों को निकलने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिसको लेकर नवाबगज पुलिस ने कई बार चैराहे को छोटे वाहनों के चालको से खाली करने का निर्देश दिया लेकिन दो चार दिन बीत जाने के बाद फिर वही समस्या सामने आ जाती है।

यही हाल हाइवे से जुड़ा आलापुर चैराहे का है जब कि हाइवे से जुड़े दोनों प्रमुख चैराहे पर से स्पीड सर चलने वाले भारी वाहनों का आना जाना लगा रहता है चैराहे पर छोटे वाहन के अतिक्रमण के चलते परियावां बाजार की तरफ से आने वाले दो व चार पहिया के वाहन चालकों को चैराहे पर स्पीड वाले वाहनों से बचकर हाइवे पर जाना पड़ता है। मजे की बात यह है कि दोनों प्रमुख चौराहे पर ऊँचाहार मानिकपुर व कुन्डा जाने आने के लिए ऑटो चालक चैराहे को अपने कब्जे में किये हुए है जिस पर पैदल चैराहे को पार करना मुसीबत बना हुआ है इतना ही नही ऑटो चालक के ड्राइवरो के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नही है नाबालिक ऑटो रिक्शा चालक फरार्टे से वाहन सड़क पर दौड़ा रहे है। अब देखना है कि नवाबगज पुलिस चैराहे को वाहनों के अतिक्रमण से खाली कराती है या फिर कुंडली मारकर बैठ जाती है यह तो समय आने पर पता चलेगा।

## नहीं रहे पूर्व चीफ फार्मासिस्ट महादेव दुबे, ट्रक ने रौंदा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला अस्पताल के अवकाष प्राप्त फार्मासिस्ट महादेव दुबे की आज रविवार को पूर्वान्ह चिलबिला में एक ट्रक की टक्कर से दुखद मृत्यु हो गई। वह आज प्रातः लगभग नौ बजे सदर बाजार स्थित अपने आवास पर अपने पैतृक गांव कंधई क्षेत्र के परदासपुर मोटरसाइकिल से जा रहे थे। जैसे ही उनकी मोटरसाइकिल चिलबिला पहुंची, एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दिया जिससे उनकी दुखद मृत्यु हो गई।



फार्मासिस्ट महादेव दुबे (फाइल फोटो)

महादेव दुबे जिला अस्पताल से रिटायर होने के बाद अपने गांव में एक स्कूल का संचालन कर रहे थे जिसके कारण वह प्रायः शहर से गांव आया जाया करते थे। उनका व्यवहार बहुत ही सरल और सहज था। उनकी आकस्मिक मौत पर अस्पताल कर्मचारियों तथा चिकित्सकों ने शोक व्यक्त किया है। अवकाष प्राप्त नगर षिक्षाधिकारी श्रीराम मिश्र ने महादेव के निधन पर गहरा शोक जताया है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

## स्वच्छ जल स्वच्छ मन के नारों के साथ सई नदी तट की हुई सफाई

**संत निरंकारी मिशन के कार्यकताओं ने किया घाट की सफाई**

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** संत निरंकारी मिषन द्वारा आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के अवसर पर प्रतापगढ़ क्षेत्र के विभिन्न यूनिटों के सेवादल के कई कार्यकताओं द्वारा मां बेल्हा देवी स्थित सई नदी के तट पर साफ-सफाई की गई जिसमें घाट के पास प्लास्टिक, अपषिष्ट पदार्थ, झाड़ियां, अपषिष्ट खाद्य सामग्री को साफ किया गया और नदी के तटों की विधिवत सफाई की गई।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जिलाधिकारी त्रिभुवननाथ विष्वकर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने



सई नदी घाट की सफाई करते संत निरंकारी मिशन के कार्यकर्ता।

कहा कि सफाई स्वच्छता और वृक्षारोपण ही निरंकारियों का लक्ष्य है जिसके अनुरुप एक अच्छा कार्य किया जा रहा है। बता दें कि रविवार को अमृत परियोजना के तहत स्वच्छ जल स्वच्छ मन के बैनर तले नदियों और पोखरों व प्राकृतिक जल निकायों की साफ-सफाई की गई जिसका मुख्य उद्देष्य जल संरक्षण है। इसके बचाव के लिये अपनाई जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाना और उन्हें क्रियान्वित करने के लिये जागरुकता भी पैदा की गई। इस परियोजना का मुख्य बिन्दु जल निकायों की स्वच्छता के लिये स्थानीय जनता में जागरुकता अभियान चलाकर उन्हें प्रोत्साहित करने की है। बाबा हरदेव सिंह द्वारा समाज कल्याण हेतु जीवन पर्यन्त सफाई स्वच्छता और वृक्षारोपण का कार्य किया गया। उन्हीं की षिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए प्रत्येक वर्ष संत निरंकारी मिषन द्वारा निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा महराज के निर्देषन में अमृत परियोजना का आयोजन किया गया। इसी क्रम में आज सुबह सात बजे से 11 बजे तक यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ट्रांसपोर्ट यूनियन के जिलाध्यक्ष विजय सिंह, संयोजक राधेष्याम, यूनिट संचालक राम प्यारे विष्वकर्मा, षिवषरण, राम जतन, संजय, उमाषंकर, पंकज कौषल, उमेष चंद्र, सालिकराम मौर्य, आषीष कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## बजहाभीट गाँव के मुख्य मार्ग में बदबूदार पानी का जलजमाव

**पानी के जलजमाव से ग्रामवासी गुजर रहे**

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** एक तरफ केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार ग्राम पंचायतों को स्वच्छ व साफ सुथरा बनाये रखने के लिए ग्राम पँचायत के ग्राम प्रधानों को बेहिसाब उनके खाते में पैसा भेज रही है इसके बाबजूद भी ग्राम पंचायत बजहाभीट के मुख्य मार्ग पर आने जाने वाले रास्ते मे ग्राम प्रधान की उदासीनता के चलते घरों का गंदा पानी भरा हुआ है जिससे ग्राम वासी रास्ते मे भरे गन्दा पानी से मजबूर होकर गुजरते है जिसकी परवाह न तो ग्राम प्रधान को है और न ही जिम्मेदार ग्रामपंचायत सचिव की है जिसका खामियाजा ग्रामवासी भुगत रहे है।

रास्ते मे भरे गन्दा पानी की शिकायत ग्रामवासी लोगो ने कई बार ग्राम प्रधान से कहा कोई सुनवाई न होने पर ग्रामीणों ने मामले को 112 पुलिस को शिकायत पत्र देते हुए अवगत कराया लेकिन समस्या ज्यो की त्यों बनी हुई है। अभी हाल ही में उक्त ग्राम पँचायत अब नगर पंचायत मानिकपुर से जोड़ दिया गया जो वार्ड बन चुका है लेकिन अभी भी विकास से सम्बंधित सभी कार्य ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर से हो रहे है। गांव के मुख्य रास्ते मे भरा बदबूदार गन्दा पानी खुलेआम बीमारी को दावत दे रहा है जिसको जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा नजरअंदाज किया जा रहा है। रास्ते मे भरा



गंदे पानी से बचकर गुजरते ग्रामीण

गन्दा पानी से अब ग्रामवासियो में आक्रोश का रूप ले रहा है यदि जल्द ही ध्यान नही दिया गया तो स्थिति बिगड़ सकती है जो कोई भी रूप ले सकती है। ग्रामवासियों ने मुख्य विकास अधिकारी प्रतापगढ़ ईशा प्रिया का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है। इस बाबत ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार निर्मल का कहना है कि सड़क पर भरे पानी की निकासी के लिए सड़क बनवाने में गांव के कुछ लोग विवाद पैदा कर रहे है जिसके चलते सड़क नही बन पा रही है जिसकी मानिकपुर थाना प्रभारी को तहरीर भी दिया लेकिन समस्या का निदान नही किया जा सका। जबरदस्ती सड़क बनवाने में मारपीट होने की नौबत आ सकती है पुलिस भी सहयोग नही कर रही है।

## पति समेत ससुराली जनों के खिलाफ मारपीट व महिला उत्पीड़न का केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने महिला उत्पीड़न तथा पत्नी की मौजूदगी में उसे तालाक देकर दूसरी शादी किए जाने को लेकर गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के खालसा सादात के अब्दुल कयोम की पत्नी नूर अहमदी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि उसकी शादी कोतवाली नगर प्रतापगढ़ के पंचायत सिटी मोहल्ला कालोनी में मो0 नसीम के पुत्र मो0 अनस के साथ उसके मायके खालसा सादात में बारह नवम्बर 2019 को हुई थी। शादी के बाद से ससुराली जन दहेज में पांच लाख रुपए नगद की मांग करने लगे। ससुर कारखाना खोलने के नाम पर पांच लाख न देने पर उसे घर निकाला की भी धमकी देने लगे। दहेज की मांग को लेकर ससुराली जन पीड़िता के साथ मारपीट तथा गाली गलौज करते हुए उसे मानसिक प्रताड़ना भी देते रहे। इस बीच दहेज न मिलने से नाराज पति ने चोरी से उसे तीन तलाक देकर उसकी मौजूदगी में दूसरा निकाह कर लिया। आरोपियों ने पीड़िता का दहेज में मिला स्त्री धन भी रख लिया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर शनिवार की रात पुलिस ने आरोपी पति नसीम के पुत्र अनस, ससुर मो0 नसीम, सास सलमा बेगम, देवर मो. सारिक व मो. फैसल तथा मो0 अमन व चचेरी ननद रिजवाना के खिलाफ मारपीट व गाली गलौज तथा धमकी समेत महिला उत्पीड़न एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम व मुस्लिम महिला संरक्षण अधिनियम के तहत कई गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

## कौशाम्बी गंगापुल पर पुलिस बैरिकेडिंग दुर्घटना को दे रहा दावत

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** लखनऊ प्रयागराज नेशनल हाइवे को जोड़ने वाला कौशाम्बी गंगापुल पर नवाबगज पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेडिंग दुर्घटना को दावत दे रहा है जिसका कारण यह है कि पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेडिंग में प्रयोग किये गए लोहे के ड्रम बिना रँगाई पोताई के दिखाई दे रहे है जो रात के अंधेरे में दिखाई नही पड़ते इसी तरह लोहे के बैरिकेडिंग भी लगे हए है जो वाहनों के नजदीक आने पर दिखाई पड़ते हैं।

बैरिकेडिंग के पास बड़े बड़े गड्ढे भी हो गए है जो वाहनों के लिए जानलेवा साबित हो रहे है। कौशाम्बी गंगापुल लखनऊ प्रयागराज से जुड़ने के कारण छोटे बड़े वाहनों का दिन रात आना जाना लगा रहता है।छोटे बड़े वाहन के चालको ने नवाबगज पुलिस प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए बैरिकेडिंग में प्रयोग किये जा रहे ड्रम के साथ लोहे के बैरियर की रँगाई पोताई कराकर वाहन चालकों को दुर्घटना होने से बचाते हुए समस्या से निजात दिलाये ताकि रात के अंधेरे में वाहन की रोशनी से दूर से पुलिस बैरिकेडिंग दिखाई पड़े।

## दो आरोपियों के खिलाफ महिला की पिटाई व धोखाधड़ी का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने विधवा महिला के साथ मारपीट व गाली गलौज तथा पति की मौत के बाद कूट रचित तालाकनामा को लेकर गम्भीर धाराओं में शनिवार की रात केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के खालसा सादात निवासी परवीन बानो पत्नी स्व0 सैयद हसनैन ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसका निकाह खालसा सादात में हुआ है। उसके पति सैयद हसनैन की तेरह जनवरी 2020 को मौत हो गई। इसके बाद उसके जेठ सैयद महमूद अली पुत्र अब्दुल हसन तथा नसरीन बानो पत्नी सैयद महमूद अली घर से निकालने के लिए मारपीट करने लगे।

# कौशाम्बी संदेश

## खबर संक्षेप

### तीन दिवसीय प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे जिले वासी

**कौशाम्बी।** डायट मैदान में लगाई गई तीन दिवसीय प्रदर्शनी का अवलोकन करने जिले वासी पहुंच रहे हैं रविवार को भी प्रदर्शनी देखने वालों की भीड़ लगी रही सूचना विभाग द्वारा प्रदेश सरकार की उपलब्धियों, नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित डायट मैदान में लगायी गई विकास प्रदर्शनी का जनपदवासियों ने अवलोकन किया यह प्रदर्शनी तीन दिवसीय लगायी गई है, जो आगामी 27 फरवरी 2023 तक लगी रहेंगी।

### दुष्कर्म के वारण्टी गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त गुड्डू पुत्र अशोक कुमार निवासी टेनशाह आलमाबाद थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### निरोधात्मक कार्यवाही मे 7 गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मझनपुर से एक थाना पश्चिम शरीरा से दो थाना महेवाघाट से एक थाना सराय अकिल से दो थाना सैनी से एक कुल 07 अभियुक्तो को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### चेकिंग के दौरान हुई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एवं चेकिंग के दौरान दो पहिया व पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमें यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 154 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा एक वाहन से 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

### जुआ खेलते चार गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मोहब्बतपुर पइसा पुलिस बल द्वारा चार अभियुक्त. गुलाब सिंह पुत्र धनराज सिंह नथन पुत्र धर्मपाल 3. महेश चन्द्र पुत्र स्व0 बरमदीन निवासीगण बाले का पुरवा थाना मोहब्बतपुर पइसा व रामकिशोर पुत्र शिवमंगल नि0 मैदहाई थाना मोहब्बतपुर पइसा को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 1000 रुपये मालफड तथा जमातलासी के दौरान 285 रुपए बरामद होने पर कार्यवाही की गई।

# ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था की जाए सुनिश्चित : सीडीओ

**मुख्य विकास अधिकारी ने पंचायतीराज विभाग द्वारा आयोजित स्वच्छता गोष्ठी का किया शुभारम्भ**





गोष्ठी में उपस्थित सीडीओ तथा उपस्थित ग्राम प्रधान व अन्य

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ रवि किशोर त्रिवेदी ने पंचायतीराज विभाग द्वारा आयोजित ग्राम प्रधानों, सचिव ग्राम पंचायत एवं पंचायत सहायकों आदि के साथ स्वच्छता गोष्ठी कार्यक्रम का शुभारम्भ किया मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि ग्राम सचिवालय में सभी सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी रोस्टर के अनुसार उपस्थित रहें तथा आमजन की समस्याओं सुझाओं को रजिस्टर में अंकित कर एडीओ(पंचायत) एवं बीडीओ के माध्यम से सम्बन्धित अधिकारी को पत्र प्रेषित कराकर समस्या का निस्तारण करायी जाय। उन्होंने कहा कि रोस्टर के अनुसार सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी ग्राम सचिवालय में उपस्थित रहे, अनुपस्थित पाये जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामों में पेयजल की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय तथा खराब हैण्डपम्प को नियमानुसार शीध्र ठीक कराया जाय। उन्होंने ग्राम प्रधानो से कहा कि सहभागिता योजना के तहत गोवंशो की सुपुर्दगी कार्य में प्रगति लायी जाय। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय तथा अवश्यकतानुसार कूड़ा गाडी क्रय करने की कार्यवाही की जा सकती है। उन्होंने कहा कि आपरेशन कायाकल्प के तहत प्राथमिक विद्यालयों में सभी कार्या को सुनिश्चित करायी जाय। मुख्य विकास अधिकारी ने डी0पी0आर0ओ0 को निर्देशित किया कि आगामी होली तक सभी पंचायत सहायकों के मानदेय का भुगतान सुनिश्चित किया जाय, किसी का मानदेय भुगतान लम्बित न रहने पायें जिला पंचायत राज अधिकारी बालगोविन्द श्रीवास्तव ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) 02 अक्टूबर, 2014 से प्रभावी है। विगत 05 वर्षों में 216378 शौचालयों का निर्माण कराया गया, जिससे शौचालय के आच्छादन के उपरान्त जनपद खुले में शौच से मुक्त हुआ। वित्तीय वर्ष 2022-23 में खुले में शौचमुक्त होने के उपरान्त कतिपय कारणों से छूटे हुये 5164 व्यक्तिगत शौचालय का निर्माण कराया गया। ग्राम पंचायत में निर्मित 451 सामुदायिक शौचालयों की देखरेख के लिए प्रत्येक सामुदायिक शौचालय में स्वयं सहायता समूह के माध्यम से केयर टेकर की तैनाती कर दी गयी है। शासन की प्राथमिकता के क्रम में 5000 से अधिक आबादी वाली 35 ग्राम पंचायतो में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन के अन्तर्गत ओडीएफ प्लस बनाने के लिए 17 गतिविधियों पर कार्य कराया गया। गंगा के किनारे अवस्थित 31 ग्राम पंचायतों में गांव को ओडीएफ प्लस बनाने की दिशा में कार्ययोजना तैयार करते हुये कार्य आरम्भ करा दिया गया है। ग्राम पंचायतो में निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने के दृष्टिगत जनपद में 23 कन्सल्टिंग इन्जीनियरों की तैनाती की गयी है, जिन्हें ग्राम पंचायत वार विभाजित करते हुये तैनात किया गया है। जनपद में 04 अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया है। जनपद में 02 बहुउद्देशीय पंचायत भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया है। जनपद में 21 कॉमन सर्विस सेण्टर का निर्माण कराया गया है, जिसके माध्यम से ग्रामीण जनमानस को शासकीय योजनाओं की सुविधायें प्रदान की जा रही है।

## न्यूज झरोखा

### एसडीओ की अगुवाई में मनौरी बाजार में चला विद्युत चेकिंग अभियान

**बकायेदारों का बिल तथा भारी बकायेदारों का किया गया विच्छेदन**



**कौशांबी।** जनपद के मनौरी बाजार में मनौरी पावर हाउस के एसडीओ अशोक कुमार की अगुवाई में जे ई बलवंत राम व प्रभाकर द्वारक अपने दलबल के साथ पूरे ग्राम सभा में घर घर जाकर विद्युत कनेक्शन का निरीक्षण किया , जिन लोगो का विद्युत बिल बकाया रहा उसको जमा करवाया गया, भारी विद्युत बिल बकायेदारों का जमा न करने पर उनका कनेक्शन काटा गया विद्युत विच्छेदन से बाजार में अफरातफरी का माहौल रहा विद्युत टीम में एसडीओ अशोक कुमार जे ई बलवंत राम भारतीय,प्रभाकर जी, लवलेश कुमार,सुरेंद्र कुमार,दिनेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### हैंडपंप मरम्मत एवं रीबोर के फर्जी भुगतान से नेवादा विकास खण्ड के ग्राम प्रधान हो रहे मालामाल

**कौशांबी।** प्रदेश की योगी सरकार तथा केंद्र की मोदी सरकार भ्रष्टाचार को जीरो करने की चाहे जितनी कोशिश कर ले लेकिन जमीन पर भ्रष्टाचार जीरो हो पाना संभव नहीं दिख रहा है जिसकी जमीनी हकीकत नेवादा विकासखंड के मुस्तफाबाद गांव में देखी जा सकती है जहां पर हैंडपंप मरम्मत तथा रिबोर के नाम से लाखों रुपए का फर्जी भुगतान किया गया है अभिलेखों के साथ-साथ जमीनी हकीकत का निरीक्षण अगर किया गया तो हैंडपंप मरम्मत रिबोर में किया गया भ्रष्टाचार स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। जिसे देखने के लिए किसी सूक्ष्मदर्शी यंत्र की आवश्यकता नहीं है ऐसे स्पष्ट भ्रष्टाचार पर जिस सरकारी जिम्मेदार नुमाइंदों के आंखों से ना दिखे तो यह समझ लेना कि त्योहारी जैसे चंदा की मोटी रकम कि उस जिम्मेदार सरकारी नुमाइंदे की आंखों में पट्टी बंधी हुई है। ऐसे ही ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर ग्राम प्रधान द्वारा लाखों रुपए के फर्जी भुगतान के दम पर गमन कर लिया गया है। जिसकी गवाही स्वयं भुगतान हुए अभिलेख बता रहे हैं। रिबोर तथा हैडपम्प की लागत से अधिक का भुगतान विभिन्न ट्रेडर्सो मे विकास से अधिक का भुकतान किया जाना अपने आप मे स्पष्ट साक्ष है । फर्जी भुकतान के दम पर ग्राम प्रधान लग्जरी जीवन व्यतीत कर रहे हैं। और ग्राम पंचायत की भोली भाली गरीब जनता अपने विकास की राह देख रही है। और अपने ग्राम सभा के विकास के धन का दुरुपयोग किए जाने की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की अपील जिला अधिकारी से की है।

### हिंदू जागरण मंच ने जताया विरोध, शिकायत

**कौशाम्बी।** लैंड जिहाद जिले में एक धर्म के लोगों के लिए इन दिनों धार्मिक जीत का विषय बना हुआ है। जिसके चलते जिले भर में सरकारी जमीन ऊपर तलाब ऊपर आवाज रूप से जेहाद चलाकर धार्मिक एकता के नाम पर कब्जा किया जा रहा है। शुक्रवार को हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला ने जिलाधिकारी से मिलकर जिले में हो रहे लैंड जेहाद के मामले की शिकायत करते हुए करारी कस्बे में तलाबी भूमि पर अवैध रूप से मदरसा बनाए जाने और इन जमीनों पर कब्जा किए जाने की शिकायत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन तत्काल इन मामले को गंभीरता से लेते हुए तलाबी भूमि को तत्काल खाली कराए। करारी नगर पंचायत में 52 बीघे बुल्ली तालाब है जिसकी अपनी ऐतिहासिक पहचान है। पूर्व में जिला अधिकारी द्वारा इसे खाली कराए जाने का आदेश दिया गया था। इस जमीन पर मदरसा जामिया इमदादुल उलूम बना दिया गया है पूरी तरह से अवैध है। इस अवैध कब्जे को तत्काल हटाया जाना चाहिए। इसके साथ उन्होंने तालाबी नंबर 1332 पर कब्जा किए जाने की शिकायत करते हुए करते हुए इसे तत्काल हटाए जाने की मांग किया। इस मौके पर उन्होंने कड़ाई से अपनी बात को रखते हुए कहा कि करारी कस्बे में एक धर्म विशेष के लोगों ने लगभग 70 से 80 बीघे सरकारी जमीन पर जिस पर लिखा पढ़ी में तालाब दर्ज है। उस पर जिहाद करते हुए कब्जा कर लिया है। प्रशासनिक अधिकारियों को उन्होंने आड़े हाथों लेते हुए इस कब्जे को प्रशासनिक ढिलाई का नतीजा बताया। इस मौके पर अधिकारियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यदि अवैध कब्जों को नहीं हटाया गया तो मामले को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री से शिकायत की जाएगी।

## ओसा गांव में बने सरकारी प्राथमिक विद्यालय की जर्जर छत के नीचे पढ़ रहे स्कूली बच्चे

**सिराथू तहसील के प्राथमिक विद्यालय के निर्माण में छत ढहने से एक मजदूर की मौत होने के बाद नहीं चेते अधिकारी**

**कौशाम्बी।** शिक्षा के मंदिरों की हालत जर्जर हो गई है। यहां पढ़ रहे विद्यार्थी अपनी जान जोखिम में डाल कर रोजाना अपना भविष्य संवारने पहुंच रहे हैं मंझनपुर क्षेत्र के ओसा गांव में बने सरकारी प्राथमिक विद्यालय की छत जर्जर अवस्था में है जहां बारिश में पानी टपकता रहता है वही छत का प्लास्टर गिर रहा है छत के निर्माण में लगी सरिया जंग लग कर बाहर निकल आई है जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है। ओसा ग्राम वासी सागर मौर्य बताते है बिल्डिंग के निर्माण में भ्रष्टाचार इस कदर हुआ कि मात्र 5 साल बाद ही छत से पानी टपकने लगा था इस बिल्डिंग का निर्माण 2006 में कराया गया था जिसमें इंद्रजीत सरोज द्वारा उद्घाटन का बोर्ड भी लगा है मात्र 16 वर्षों में यह बिल्डिंग इतनी खराब कैसे हो गई यह बड़ी जांच का विषय है अगर जांच हुई तो बिल्डिंग बनाने वाले ठेकेदार पर गाज गिरना तय है हाल ही में जिले के सिराथू तहसील के प्राथमिक विद्यालय के निर्माण में छत ढहने से एक मजदूर की मौत हो गयी थी।और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। लेकिन भ्रष्टाचार में लिप्त ठेकेदार अधिकारी नहीं चेते तो, स्कूल के मासूम छात्र भ्रष्ट शिक्षा विभाग के आगे बेबस होकर मौत के साए में भविष्य सवारने को मजबूर है. हालांकि स्कूल के अध्यापकों द्वारा शिक्षा विभाग व नगर पालिका के ईओ से कई बार जर्जर बिल्डिंग के बारे में अवगत भी कराया गया, लेकिन शिक्षा विभाग के भ्रष्ट अफसरों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया. लिहाजा समय रहते शासन ने कोई ध्यान नहीं दिया तो भविष्य में बड़ी घटना हो सकती है, जिसका खामियाजा मासूम बच्चों को भुगतना पड़ेगा।

# नगर निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में हुई बैठक

**अखंड भारत संदेश**




उपस्थित भाजपा नेतागण

**कौशाम्बी।** नगर निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी की एक बैठक पार्टी के जिला कार्यालय मंझनपुर में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता पार्टी की जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने किया कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी अनिल सिंह मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष व निकाय चुनाव के संयोजक धर्मराज मौर्य ने किया। इस मौके पर पार्टी जिला अध्यक्ष द्वारा नगर निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर पार्टी के चुनाव से जुड़े पदाधिकारियों, प्रभारियों व मंडल प्रमुखों से चर्चा की गई। जिला प्रभारी अनिल सिंह ने कहा कि चुनाव नजदीक है पार्टी ने चुनाव की तैयारियों को लेकर दिशा निर्देश दे दिया है उसी के अनुसार पदाधिकारियों को बूथ स्तर पर मजबूती से काम करते हुऐ पार्टी को इस चुनाव में जीत दिलानी है। इस मौके पर चुनाव की तैयारियों की जिम्मेदारी का निर्वाहन कर रहे पदाधिकारियों से कार्यों की समीक्षा भी की गई। इस मौके पर प्रमुख रूप से अनिता त्रिपाठी, अनिल सिंह, धर्मराज मौर्य, दीप चन्द्र दिवाकर, राकेश पाण्डेय, चन्द्र दत्त शुक्ला, वेद प्रकाश सत्यार्थी, रिंकू मौर्य, शीलू पाण्डेय, कमल कुशवाहा, महेश लोधी, जितेन्द्र साहू, तारा देवी, शांताराम पाण्डेय, संजय जयसवाल, संगीता सरोज, निशीथ श्रीवास्तव, बच्चा चौधरी, ज्योति केशरवानी सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संत रामपाल महाराज के शिष्यों द्वारा निकाली गई सतगुरु शोभायात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** जिले में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज के तत्वाधान में एक विशाल शोभायात्रा का आयोजन 26 फरवरी को बीपी पब्लिक स्कूल मंझनपुर से जिलाधिकारी आवास तक किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में संत रामपाल महाराज के अनुयायियों ने भाग लिया शोभायात्रा बहुत ही शांत व सुव्यवस्थित तरीके से निकाली गई वर्तमान समय में समाज में व्याप्त रिश्वतखोरी नशाखोरी व्यभिचार भ्रूण हत्या भ्रष्टाचार जुआ खेलना शराब पीना दहेज लेना और देना चोरी करना इत्यादि कुरीतियां मानव समाज में व्याप्त हैं इन कुरीतियों को समाप्त करने के लिए जनमानस को जागरूक करने हेतु इस शोभायात्रा का आयोजन किया गया जिससे लोगों में जागरूकता फैले और अंधविश्वास तथा बुराइयों से समस्त मानव समाज समय रहते सचेत हो जाए। भक्तों से बात करने पर पता चला कि इन सब कुरीतियां पाखंडवाद व बुराइयां से छुटकारा केवल सत भक्ति से ही पाया जा सकता है वह सत भक्ति केवल संत रामपाल महाराज के द्वारा ही प्राप्त होती है संत रामपाल महाराज ही वर्तमान में एकमात्र पूर्ण संत हैं जो समाज को एक नई दिशा देने के लिए संघर्षरत हैं जिनकी शरण में जाने से लाखों लोग इन सब बुराइयों को छोड़ चुके हैं और



सुखमय जीवन यापन कर रहे हैं फरवरी महीने की शुक्ल पक्ष द्वादशी के दिन सन 1727 को ग्राम छुड़ानी जिला झज्जर हरियाणा से गरीब दास जी महाराज को कबीर साहिब 10 वर्ष की उम्र में सतलोक लेकर गए। जिसका वर्णन गरीब दास महाराज ने अपनी वाणी में भी किया है।

### अनंत कोटि ब्रह्मांड का एक रत्ती नहीं भार सतगुरु पुरुष कबीर है कुल के सिरजनहार

**कौशाम्बी।** इसके पश्चात संत कबीर साहब को गुरु बना कर गरीब दास महाराज ने नाम दीक्षा लिया इसी उपलक्ष में संत गरीबदास महाराज का बोध दिवस पूरे भारतवर्ष के 10 आश्रमों में 2, 3 एवं 4 मार्च 2023 को मनाया जा रहा है उत्तर प्रदेश में संत रामपाल महाराज के लाखों शिष्य सपरिवार इस कार्यक्रम के लिए सतलोक आश्रम शामली जाएंगे। जहां पर 3 दिन का विशाल भंडारा रक्तदान शिविर तथा दहेज मुक्त शादी का आयोजन किया गया या है। जिसमें आप सभी लोग सपरिवार सादर आमंत्रित हैं संत रामपाल जी महाराज जी के उद्देश्य हैं विश्व में भाईचारा स्थापित करना, पाखंडवाद समाप्त करना, दहेज रूपी राक्षस को समाप्त करना, छुआछूत समाप्त करना, सर्व समाज को नशे से छुटकारा दिलाना, सर्व मानव समाज को सभी बुराइयों से छुड़ाना, विश्व को सद्भक्ति देकर मोक्ष प्रदान करना इस पावन अवसर पर सैकड़ों की संख्या में संत रामपाल महाराज के अनुयाई तथा आम जनमानस उपस्थित रहे।

### शराब के साथ तीन अभियुक्त किये गए गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानो द्वारा कुल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 36 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मुन्ना सरोज पुत्र बहोरेलाल निवासी चांदेराई थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर कब्जे से 6 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना संदीपनघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्त गंगा देवी पत्नी सांवरे निवासी मोहनपुर थाना संदीपनघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा अभियुक्त पावती देवी पत्नी मनीष सरोज निवासी हकीमपुर मजरा अफजलपुर सातो थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटक कर युवक ने की आत्महत्या

**अखंड भारत संदेश**

**पुलिस के पहुंचने पर दरवाजा अंदर से बंद था दीवाल को तोड कर लाश को उतारा गया, ग्रामीणों का कहना है कि पति पत्नी में विवाद चल रहा था मानसिक तनाव में लगाई फांसी**



रोते बिलखते परिजन

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के टिकरा ग्राम मजरा कोखराज गांव में सुनील कुमार सरोज पुत्र श्री नाथ सरोज उम्र 30 वर्ष आज सुबह लगभग 10 बजे घर के अंदर फंखे के चुल्ले में रस्सी के सहारे लटक कर फाँसी लगा कर आत्महत्या कर लिया परिजनों द्वारा बताया जा रहा हैं कि वह अभी कुछ दिनों के लिए मुम्बई गया था और अपने साथ पत्नी बच्चों को साथ ले गया था लगभग 15 दिन रहने के बाद वह घर आ गया घर आने के बाद पत्नी से झगड़ा सुरु हो गया और मानसिक तनाव व गुमसुम रहता था लेकिन ग्रामीणों को बात हजम नही कर पा रहे हैं सूचना पाकर मौके पहुंची पुलिस ने मौके पर जा कर देखा तो अंदर से दरवाजा बंद था पक्की दीवाल तोड़ कर अंदर से बंद दरवाजा खोला गया तो शव चुल्ले से लटक रहा था शव को उतार कर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है यह चार भाइयों में सबसे छोटा था इसके दो बच्चे शिवा 4 वर्ष व शुभम 6वर्ष के हैं मृतक मजूदरी व किसानी करता थ यह अपने चार भाइयों में चौथे नम्बर का था परिजनों का रो रो कर हाल बेहाल हैं भीड़ के बीच तमाम तरह दबी जुबान चर्चा अवैध सम्बंध की हो रही थी हालांकि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है दबी जुबान से ग्रामीणों ने बताया कि सुनील को गैर मर्द का आना जाना पसन्द नही था।

# करोड़ों के घोटाले में लिप्त एक पंचायत सचिव को फिर मिली तैनाती

**पूर्व में पंचायत सचिव पर निलंबन मुकदमा दर्ज और जेल भेजे जाने के बाद भी मेहरबानी बनाए हैं विकास भवन के अधिकारी**

**कौशाम्बी।** पंचायत विभाग का भी खेल निराला है बड़े-बड़े घोटाले के मास्टरमाइंड पंचायत सचिव आला अधिकारियों की गोद में खेल रहे हैं करोड़ों के घोटाले के बाद भी पंचायत सचिव को बर्खास्त करने की तैयारी करने के बजाय अपनी तिजोरी नोटों से भरने की उम्मीद लगाए बैठे विकास भवन के अधिकारी घोटालेबाज पंचायत सचिव के गुनाहों को माफ कर उन्हें फिर तैनाती देने में लगे हैं इसी तरह का एक नया मामला फिर सामने आया है पूर्व में हटाए गए करोड़ों के घोटाले बाज पंचायत सचिव को रातो रात फिर अचानक तैनाती दे दी गई है अपनी तिजोरी को नोटों से भरने के बाद करोड़ों के घोटाले बाज पंचायत सचिव के गुनाहों को अधिकारियों ने माफ कर दिया है विकास भवन के इन अधिकारियों के कारनामों के चलते एक बार फिर योगी सरकार की छीछालेदर हो रही है आम जनमानस योगी सरकार के अधिकारियों के कारनामों पर चचाएँ करने लगी है कि भ्रष्टाचार में लिप्त करोड़ों के घोटाले बाज पंचायत सचिव को फिर से तैनाती देने का क्या औचित्य था। चचाओं पर जाएं तो 5 लाख रुपए की सौदेबाजी का आरोप अधिकारियों पर लग रहा है योगी सरकार को बदनाम कर करोड़ों के घोटाले बाज पंचायत सचिव की मददगार में एक पूर्व विधायक भी लगे हैं बार-बार निलंबित किए जाने वाले करोड़ों के घोटाले बाज पंचायत सचिव को तैनाती दिए जाने के मामले में शासन स्तर से यदि उच्च स्तरीय जांच हुई तो जहां पंचायत सचिव का निलंबन के साथ बर्खास्त होना तय माना जा रहा है वही विकास भवन के अधिकारियों की भी मुसीबत बढ़ सकती है घोटालेबाज पंचायत सचिव को संरक्षण देने वाले अधिकारियों की शिकायत डिप्टी सीएम से ग्रामीण करने को तैयार है।

# पुलिस ड्यूटी लगाए जाने के बाद भी जाम के झाम से लोगों को नहीं मिल रही राहत

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी में रेलवे फाटक के आसपास खड़े होने वाले वाहनों के लिए स्थान निर्धारित किए जाने की है जरूरत, यातायात पुलिस होमगार्ड के जवान और चौकी पुलिस जाम को हटाने में नहीं हो सकी कारगर**



**भरवारी कौशाम्बी।** भरवारी नगर पालिका के रेलवे फाटक के दोनों तरफ प्रतिदिन लगने वाला जाम लाइलाज हो गया है जिससे जाम के बीच घंटों आम जनता फस जाती है भीड़ के बीच घंटों समय बर्बाद करने के बाद जहां आम जनमानस का दूसरा काम बाधित हो जाता है वहीं तमाम लोग भीड़ के बीच उलझन और परेशानी महसूस करते हैं इन दिनों बोर्ड परीक्षाएं चल रही है और बोर्ड परीक्षा समाप्त होने के बाद जब स्कूल से परीक्षार्थी बाहर निकलते हैं तो रेलवे फाटक के पास लगने वाले जाम में परीक्षार्थी भी घण्टो फस जाते हैं जिससे जाम और लंबा हो जाता है और घंटों जाम के झाम में नगर के लोगों के साथ-साथ परीक्षार्थियों को समय बर्बाद करना पड़ता है भरवारी रेलवे फाटक पर लगने वाला जाम का झाम नया नहीं है। गौरतलब है कि भरवारी रेलबे फाटक पर बीते कई वर्षों से प्रतिदिन जाम लग रहा है कई-कई घंटे फाटक के दोनों तरफ आम जनता और वाहन फंस जाते हैं कभी कभी लोगों को रेलबे फाटक पार करने में घंटों लग जाते हैं कभी-कभी तो एक-एक दिन में कई कई बार जाम लग जाता है यह कह लिया जाए कि रेलवे फाटक पर आम जनमानस को पूरे दिन जाम से जूझता रहता है पूर्व में जाम हटाने के लिए पुलिस अधिकारियों द्वारा होमगार्ड के जवान यातायात पुलिस और चौकी पुलिस को भी जिम्मेदारी सौंपी गई थी लेकिन यातायात पुलिस होमगार्ड के जवान और चौकी पुलिस जाम को हटाने में कारगर नहीं हो सकी हैं कभी-कभी रेलवे पुलिस भी जाम हटाने के लिए सड़कों पर आ जाती है लेकिन वह केवल इतना जाम हटाती है जितने में रेलवे फाटक बंद हो जाए और ट्रेनों का संचालन होता रहे रेलवे पुलिस को तो नगर के लोगों के जाम से कोई लेना देना नहीं है। नगर वासियों की मानें तो भरवारी रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम के पीछे सड़कों पर खड़ी करके विक्रम चालको द्वारा सवारी भरना एक प्रमुख कारण बन गया है। मौके पर सिपाही और होमगार्ड के जवान खड़े रहते हैं और सवारी भरने के लालच में फाटक के अगल-बगल विक्रम खड़ी कर चालक वाहनों में सवारी भरने लगते हैं जिससे जाम बढ़ जाता है। सूत्रों की माने तो अवैध तरीके से चलने वाले विक्रम से यातायात पुलिस और होमगार्ड के जवान वसूली करते हैं जिससे अवैध तरीके से सड़कों पर खड़े होने वाले विक्रम पर पुलिस और होमगार्ड के जवान कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। भरवारी में रेलवे फाटक के आसपास खड़े होने वाले वाहनों के लिए स्थान निर्धारित किए जाने की जरूरत है यदि भीड़ क्षेत्र से सवारी वाहनों को कुछ दूर खड़ा करने के निर्देश दिए जाएं तो भरवारी कस्बे के रेलबे फाटक पर प्रतिदिन लगने वाले भयानक जाम से लोगों को राहत मिल सकती है कस्बे के लोगों ने डीएम एसपी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए प्रतिदिन लगने वाले जाम से मुक्ति दिलाए जाने की मांग की है।

### जबरन कोटा का प्रस्ताव कराने में लगे रहे पंचायत सचिव को झेलना पड़ा ग्रामीणों का विरोध

**पंचायत सहायक को भी धमकी देकर कर दिया बाहर गुंडागर्दी पर उतारू पंचायत सचिव सतीश चौधारी पर ग्राम प्रधान ने लगाए गंभीर आरोप**

**कोखराज कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के ग्राम मलाक भायल मैं कोटे की दुकान के प्रस्ताव को लेकर आए पंचायत सचिव सतीश चौधरी पर गंभीर आरोप लगे हैं बंद कमरे में खुली बैठक का आयोजन गुपचुप तरीके से कर कोटा का प्रस्ताव पास करने का प्रयास पंचायत सचिव कर रहे हैं पंचायत सहायक को धमकी देकर खुली बैठक से बाहर कर दिया गया है ग्राम प्रधान ने भी पंचायत सचिव पर गंभीर आरोप लगाए हैं पंचायत सचिव की गुंडागर्दी से गांव में तनाव व्याप्त है। गांव में पहले तैनात रहे ग्राम विकास अधिकारी विपुल मौर्य का ट्रांसफर हो गया हैं अभी तक कोई भी सेक्रेटरी नियुक्त नही हुआ था ग्राम प्रधान और ग्रामीणों को पंचायत सचिव की तैनाती की कोई जानकारी दी गयी और प्रस्ताव के बैठक की ड्रामेबाजी में गुपचुप 12:40 पर सेक्रेटरी सतीश चौधरी और खुली बैठक करने के बजाय बंद कमरे में बैठक शुरू कर दी अंदर बैठ कर कोटा के दुकान के प्रस्ताव का चुपके से कोरम पूरा करने में लगे रहे पंचायत मित्र बजरंग बली ने आरोप लगाया कि मुझे अंदर नही जाने दिया तमाम ग्रामीणों के बीच चर्चा रही कि यह सेक्रेटरी रुपया लेकर कमरे के अंदर समूह के लोगों से सांठगांठ कर के एक लोगों की साइन कर समूह को कोटा देने में लगे है कल्लू पुत्र लल्लू सरोज राम लाल साहू,पूर्व प्रधान ,राधे सरोज विश्राम सरोज आदि ग्रामीणों को चुपके से बुला कर बन्द कमरे में साइन कराने पर पंचायत सचिव ने जोर दिया जिसका तमाम ग्रामीणों ने विरोध कर दिया अपने हितैसी को कोटा न दे पाने से खीझे सेक्रेटरी सतीश चौधरी ने प्रधान से उलझना सुरु कर दिया सुबह मौके पर समूह के एजी व मनोज सेक्रेटरी 12 बजे तक थे तब तक सतीश चौधरी नही गये उनके हटते ही यह तुरंत पहुंच गए बन्द कमरे में कोटे की दुकान का चयन करने के पीछे आखिर पंचायत सचिव की मंशा क्या है यह बड़ी जांच का विषय है।

संपादकीय

# कांग्रेसः ढाक के वही तीन पात!

**कांग्रेस** पार्टी का 85 वां अधिवेशन अभी पूरा नहीं हुआ है लेकिन अभी तक रायपुर में जो कुछ हुआ है, उसके बारे में क्या कहें? ढाक के वही तीन पात! इंदिरा गांधी के जमाने से देश की इस महान पार्टी के आकाश से आंतरिक लोकतंत्र का जो सूर्य अस्त हुआ था, वह अब भी अस्त ही है। इसमें कांग्रेस के वर्तमान नेतृत्व का दोष उतना नहीं है, जितना उसके अनुयायियों का है। राहुल गांधी का तो मानना है कि कांग्रेस की कार्यसमिति चुनाव के द्वारा नियुक्त होनी चाहिए लेकिन रायपुर अधिवेशन में पार्टी की संचालन समिति ने सर्वसम्मति से तय किया है कि यह नियुक्ति कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ही करेंगे। जिन दो-तीन नेताओं ने शुरू में थोड़ी हिम्मत की और बोला कि कार्यसमिति के लिए चुनाव करवाए जाएं, उन्होंने भी झुण्ड के आगे मुण्ड झुका दिया। खड़गे ने भी कह दिया कि वह सोनिया, राहुल और प्रियंका से सलाह करके कार्यसमिति की घोषणा करेंगे। कांग्रेस के असली मालिक तो ये मां-बेटा और बेटी ही हैं। बाकी सब लोग तो कांग्रेस के अंग्रेजी संक्षिप्त नाम (एनसी) को चरितार्थ करते हैं। एनसी का अर्थ हुआ नौकर-चाकर कांग्रेस। ये तीनों उस समय बैठक में जानबूझकर उपस्थित नहीं रहे, जब संचालन समिति कार्यसमिति के मुद्दे पर विचार कर रही थी। उन्हें पता था कि वहां उपस्थित सभी तथाकथित नेताओं की हिम्मत ही नहीं है कि वे अपने दम पर कोई फैसला कर सकेंगे लेकिन इस तथ्य के बावजूद यह सत्य काबिले-तारीफ है कि तीन बुजुर्ग नेताओं ने कार्यसमिति के चुनाव का आग्रह किया। इस मुद्दे पर ढाई घंटे बहस चली। यह बहस कुछ आशा बंधाती है। इससे जाहिर होता है कि सोनिया-परिवार थोड़ी छूट दे दे तो कांग्रेस का आंतरिक लोकतंत्र फिर से जिंदा हो सकता है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का तर्क काफी जानलेवा था। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस की प्रांतीय और राष्ट्रीय समिति का ही चुनाव नहीं होता है तो कार्यसमिति का चुनाव कैसे करवाया जा सकता है। कुछ हद तक यह ठीक भी है, क्योंकि कांग्रेस अभी अगले साल के आम चुनाव की तैयारी करे या आंतरिक दंगल में उलझ जाए? इस अधिवेशन का यह फैसला भी उसी दिशा में है कि अबकी बार 50 प्रतिशत सीटें अनुसूचितों, औरतों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और 50 साल से कम उम्र के लोगों के लिए रखी जाएंगी। जैसे राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी की नकल कर अपनी दाढ़ी बढ़ा ली है, उसी तरह राजनीतिक दांव-पेंचों में भी कांग्रेस मोदी का अनुकरण करती रहती है। मोदी ने पिछली बार पिछड़ों का राष्ट्रपति बनाया और इस बार एक आदिवासी महिला को यह पद दे दिया तो अब कांग्रेस भी भाजपा के मुकाबले वोट–बैंक की रणनीति अपना रही है।

## तो दक्षिणपंथियों को इसलिये है कांग्रेस से नफरत

**तनवीर जाफरी**

**स्वतंत्रता** संग्राम का नेतृत्व करते हुये जिस कांग्रेस पार्टी ने भारतवर्ष को अंग्रेजों की गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराया था,जिस कांग्रेस पार्टी को दुनिया गांधीवादी दर्शन एवं विचारों पर चलने वाली पार्टी के रूप में जानती है,उसी ऐतिहासिक कांग्रेस पार्टी को देश से समाप्त किये जाने का गोया एक अभियान दक्षिणपंथी विचारधारा के लोगों द्वारा दशकों से चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तो कई बार अपनी चुनावी जन सभाओं में 'कांग्रेस मुक्त' भारत बनाये जाने जैसी बातें करते रहे हैं। निश्चित रूप से 2014 से लेकर अब तक कांग्रेस पार्टी को काफी संकट का सामना भी करना पड़ा है। कांग्रेस को सबसे अधिक नुक़सान पार्टी में ही छुपे बैठे दर्जनों 'जय चंदों ' और 'मीर जाफरों ' से उठाना पड़ा है जो सत्ता की लालच में गांधीवादी विचारधारा वाली पार्टी को छोड़कर धुर विरोधी विचारधारा रखने वाली दक्षिणपंथी पार्टी से जा मिले। तो अनेक नेताओं को सत्ता द्वारा ई डी,इनकम टैक्स या सी बी आई का भय दिखाकर उन्हें अपने पक्ष में कर लिया गया। अनेक बार यह भी देखा गया कि भ्रष्ट या अपराधी किस्म का कोई नेता कांग्रेस या दूसरी पार्टी छोड़कर यदि भाजपा में शामिल हुआ तो उसके विरुद्ध होने वाली जांच या कार्रवाइयां रोक दी गयीं। तभी मीडिया के एक वर्ग ने भाजपा को भ्रष्टाचार और अपराध धोने वाली 'वाशिंग मशीन ' का नाम भी दिया था। देश की संसद हो या चुनावी जानसभायें,भाजपा के शीर्ष नेताओं से लेकर राज्यों व जिला स्तर के छुटभैय्ये नेताओं तक, सभी एक फैशन की तर्ज पर कांग्रेस,गांधी,नेहरू,धर्मनिरपेक्षतावादियों,गांधी-नेहरू विचारधारा के समर्थकों को किसी भी निचले स्तर तक जाकर कोसते रहते हैं। उनपर चारित्रिक हमले तक करते हैं। ये लोग कभी नेहरू को मुसलमान तो कभी फिरोज गांधी को मुसलमान बताने में अपने 'झूठ तंत्र' की सारी ऊर्जा खपा डालते हैं। और कुछ नहीं तो पिछले दिनों बजट सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद देते हुये देश की संसद में स्वयं प्रधानमंत्री मोदी ने यह तक पूछ लिया कि -'नेहरू अगर महान हैं तो 'नेहरू' सरनेम लगाने में क्या शर्मिन्दिगी है? आश्चर्य है कि देश के प्रधानमंत्री केवल 'चुटकी 'लेने के लिये देश की संसद में इस तरह का वक्तव्य देकर प्रधानमंत्री पद की गरिमा को तार तार करते हैं। जबकि वे ही नहीं पूरा देश भली भांति जानता है कि भारतीय समाज में पिता का नाम सर नेम के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है जो नेहरू परिवार के लोग फिरोज गांधी की वजह से करते आ रहे हैं।

# विजन 2047 - आकांक्षा 47 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर आज एशिया का वर्चस्व बढ़ता जा रहा है, क्योंकि एशिया में 4.7 अरब लोग रहते हैं और यह दुनिया की आबादी का 60 फीसदी हिस्सा है। आईएमएफ के अनुसार, एशिया हाल के दिनों में तेजी से बढ़ने वाले बाजारों में से एक है। विश्व के प्रमुख उपभोक्ता भारत और चीन एशिया में हैं। इसलिए एशिया को शामिल किए बिना कोई भी देश अपना व्यापार बाजार नहीं बढ़ा सकता! आज एशिया वैश्विक बाजार का प्राथमिक फोकस बनते जा रहा है क्योंकि बहुत सस्ता श्रम और आसानी से जमीन की उपलब्धता एशिया को आकर्षक बनाती है। सीमाओं के पार विवाद रक्षा व्यापार के लिए फायदेमंद होते हैं। इस क्षेत्र में एक उष्णकटिबंधीय जलवायु है और यह संसाधनों में बहुत समृद्ध है। इसलिए कच्चे माल कीउपलब्धता आसान है। आज पूरे एशिया में भारत और विस्तारवादी देश दो प्रमुख हस्तियां हैं, परंतु आज वैश्विक स्तरपर भारत का रुतबा अपेक्षाकृत अधिक है, क्योंकि हम रूस और नाटो देशों दोनों के साथ पैरेलल चल रहे हैं। हमारी विदेश नीति कूटनीति की सकारात्मक चर्चा चर्चाएं दुनिया भर में होती है। चूंकि 23 से 25 फरवरी 2023 तक पुणे में भारतीय मेजबानी से एशिया आर्थिक संवाद का सातवां संस्करण जोश के साथ केंद्रीय वाणिज्य मंत्री के संबोधन से समापन हुआ जिसमें 12 देशों के 44 वक्ताओं ने भाग लिया जिसमें, सम्मेलन में 3 दिनों में 11 सत्र हुए। इन सत्रों में ग्लोबल ग्रोथ प्रॉस्पेक्ट्सः लुकिंग फॉरवर्ड; सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखलाओं को लचीला बनाना; एफटीएः द वे फॉरवर्ड एंड मेटावर्सः अंडरस्टैंडिंग द फ्यूचर। इमर्जिंग वर्ल्ड ऑर्डर में अग्रणी सामाजिक रूप से जिम्मेदार व्यवसाय' पर सत्र भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा क्यूरेट किया गया है। अर्थव्यवस्था में क्रांति लाना, भुगतान प्रणालियों को एकीकृत करना और मुद्राओं को डिजिटाइज करना' पर सत्र को द एशिया सोसाइटी इंडिया सेंटर द्वारा क्यूरेट किया गया हैजलवायु परिवर्तन के वैश्विक रूप से चुनौतीपूर्ण मुद्दे पर दो सत्रसमर्पित किए गए। इसमें 'जलवायु परिवर्तन, एक वास्तविक खतरा' शामिल है। 'जलवायु लक्ष्यों को पूरा करना, आगे की राह' पर 2070 में चर्चाएं हुई। साथियों बात अगर हम पुणे में संपन्न एशिया आर्थिक संवाद (एईडी) की करें तो, उद्घाटन सत्र में विदेश मंत्री, भूटान के वित्त मंत्री तथा मालदीव के वित्त मंत्री नें बातचीत की। यह संवाद विदेश मंत्रालय का प्रमुख वार्षिक आयोजन है जिसे पुणे इंटरनेशनल सेंटर के सहयोग से आयोजित किया गया। इसकी प्रमुख थीम एशिया और उभरती विश्व व्यवस्था थी।



इसमें वैश्विक विकास की संभावनाओं जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। इस संवाद में ब्राजील, अमरीका, ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका, भूटान, मालदीव, स्विटजरलैंट, सिंगापुर और मेक्सिको समेत अनेक देशों के 44 से अधिक वक्ताओं। अनेक प्रतिनधि एशिया आर्थिक संवाद की वेबसाइट और डिजिटल मंचों के माध्यम से परिचर्चा में सम्मिलित हुए। इस संवाद का मुख्य फोकस भू-अर्थशास्त्र पर था। एशिया की प्रमुख शक्तियाँ भारत, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया हैं। वे निकट भविष्य में तेजी से बढ़ेंगे। यहां कोविड रिकवरी तेजी से हुई है। इंडोनेशिया, थाईलैंड, फिलीपींस, बांग्लादेश, थाईलैंड, मलेशिया और श्रीलंका को सहायता की आवश्यकता है। यह सम्मेलन एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम है, जिसमें मंत्रियों, नीति निमार्ताओं, उद्योग के नेताओं, डोमेन विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और वैश्विक व्यापार और वित्त विशेषज्ञों की उच्च स्तरीय भागीदारी शामिल हुए।इस वर्ष भारत की जी20 अध्यक्षता 'भारत की अपनी जी20 अध्यक्षता के लिए दृष्टि' और 'हाउ द ग्लोबल साउथ विल शेप द जी20 एजेंडा' पर दो महत्वपूर्ण सत्रों के साथ विचार-विमर्श का हिस्सा हुआ। साथियों बात अगर हम एईडी के 25 फरवरी 2023 को माननीय केंद्रीय वाणिज्य मंत्री द्वारा समापन समारोह की करें तो, उन्होंने कहा कि एशिया की अपनी विशेष गतिशीलता है, जहां हमारे पास ऐसी अर्थव्यवस्थाएं हैं जो लोकतंत्र और गैर-पारदर्शी और गैर-नियम-आधारित दोनों हैं। उन्होंने कहा,पिछले एक दशक में,भारत अंतर्राष्ट्रीयकरण और प्रौद्योगिकी तथा काम करने के आधुनिक तरीके के साथ जुड़ना चाहता है। आज, भारत को 21वीं सदी के देश के रूप में नहीं भी तो स्पष्ट रूप से तो दशक के देश के रूप में पहचाना जाता है। हम पहले ही दसवीं सबसे बड़ी से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में आ चुके हैं। आज हमारे पास एक युवा जनसांख्यिकीय लाभांश है, जिसे हमारी सबसे बड़ी परिसंपत्ति के रूप में पहचाना जा रहा है। उन्होंने उद्योग से पिछले कुछ वर्षों में किए गए सुधारों के बारे में, हमारे मजबूत बृहद आर्थिक बुनियादी कारकों पर, उनकी उपलब्धियों पर गर्व करने की अपील की और कहा, हम मानते हैं कि भारत न केवल सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है, हम आने वाले कई दशकों तक ऐसा ही करते रहेंगे। उन्होंने अपने विश्वास को साझा किया कि भारत चार साल या अधिक से अधिक पांच साल में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। जिस तरह से भारत आगे बढ़ रहा है, उसके बारे में मेरा खुद का विश्वास है कि हम 2047 तक अपनी अर्थव्यवस्था को शायद 35 - 40 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के निकट ले जाएंगे। कोई भी भारतीय किसी से पीछे नहीं रहना चाहता। उद्योग से पिछले कुछ वर्षों में किए गए सुधारों के बारे में, हमारे मजबूत बृहद आर्थिक बुनियादी कारकों पर, उनकी उपलब्धियों पर गर्व करने की अपील की और कहा, हम मानते हैं कि भारत न केवल सबसे तेजी से

> रूस और उसके ईएयू के सहयोगी देश भी भारत के साथ तेजी से बातचीत करना चाहते हैं। अमेरिका के साथ एफटीए पर एक प्रश्न पर,कहा कि अमेरिका में एफटीए की स्वीकृति के लिए अमेरिकी कांग्रेस से अनुमोदन की आवश्यकता है और अमेरिका में इस पर कोई द्विदलीय समर्थन नहीं है

बढ़ती
डाड. ी

अर्थव्यवस्था है, हम आने वाले कई दशकों तक ऐसा ही करते रहेंगे। श्री गोयल ने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष का विकासशील देशों की तुलना में विकसित देशों पर अधिक गंभीर प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा और ऊर्जा सुरक्षा और मुद्रास्फीति, ब्याज दरों और विकास पर परिणामी प्रभाव के लिएविकसित और विकासशील दोनों देशों पर इसका विनाशकारी प्रभाव पड़ा है,भारतीय उत्पादों पर और अधिक गर्व करने के लिए हमारे लोगों को संवेदनशील बनाने की आवश्यकता पर बल दिया और भारत कानून के शासन, उनकी स्वतंत्रता के अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में विश्वास करता है।

एशिया में बहुत अलग आर्थिक दर्शनसह-अस्तित्व में हैं। हमें पर्याप्त प्रणाली और विनिर्माण प्रणाली बनाने में कुछ समय लगेगा, और चीन से आने वाली कम लागत वाली कम गुणवत्ता वाली वस्तुओं की अफीम से खुद को दूर करने के लिए अपने लोगों और व्यवसायों को भी संवेदनशील बनाना होगा। मुक्त व्यापार समझौतों की चर्चा करते हुए, उन्होंने उद्योग प्रतिनिधियों से कहा कि हमने विश्व के इतिहास में अब तक का सबसे तेज एफटीए किया है, भारत यूएई समझौता 88 दिनों में पूरा हुआ है। उन्होंने कहा, हमने ऑस्ट्रेलिया के साथ एक तेज एफटीए भी पूरा किया। दुनिया भारत के साथ काम करने के प्रति यही उत्साह दिखा रही है। इजरायल, कनाडा, ईयू, यूके और जीसीसी के साथ हमारी बातचीत चल रही है। रूस और उसके ईएयू के सहयोगी देश भी भारत के साथ तेजी से बातचीत करना चाहते हैं। अमेरिका के साथ एफटीए पर एक प्रश्न पर,कहा कि अमेरिका में एफटीए की स्वीकृति के लिए अमेरिकी कांग्रेस से अनुमोदन की आवश्यकता है और अमेरिका में इस पर कोई द्विदलीय समर्थन नहीं है। उन्होंने कहा,इसलिए एक वैकल्पिक ढांचे के रूप में भारत प्रशांत आर्थिक संरचना की परिकल्पना की गई है। हम लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं, प्रौद्योगिकी साझेदारी और अप्रत्यक्ष उपायों के माध्यम से अपनी अर्थव्यवस्था को खोलने के मामले में अमेरिका के निकट जाने की सोच रहे हैं। अमेरिका के साथ हमारा लगातार संवाद होता है। होली के दौरान अमेरिकी वाणिज्य सचिव के साथ शीर्ष अमेरिकी कंपनियों का एक विशाल व्यापार प्रतिनिधिमंडल भारत आ रहा है। हम भारत-अमेरिका साझेदारी को सुदृढ़ बनाने के लिए अत्यधिक समय और पूंजी लगा रहे हैं। एमएसएमई को सहायता देने के प्रश्न पर, उन्होंने कहा कि बड़े व्यवसायों के आसपास पूरे इकोसिस्टम को देखते हुए निर्यात बढ़ाने के किसी भी प्रयास का एमएसएमई पर प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा यद्यपि सरकार के पास व्यवसायों को किकस्टार्ट करने की योजनाएँ हैं, अंततः हमें उपभोक्ताओं और व्यवसायों के हितों के बीच संतुलन बनाना होगा। हम कृत्रिम रूप से किसी क्षेत्र को केवल एक बिंदु तक ही सहायता दे सकते हैं। एमएसएमई हमेशा वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बहुत महत्वपूर्ण रहेंगे। इसलिए, एमएसएमई के साथ-साथ स्टार्टअप और महिला उद्यमियों को विभिन्न छूट प्रदान की जा रही है।आरसीईपी में शामिल नहीं होने पर कहा कि यह आपदा के समान था क्योंकि हम अपील की अदालत के बिना ऐसे मुक्त व्यापार समझौते में प्रवेश कर रहे थे।

# रोल मॉडल हैं विश्व बैंक की वरिष्ठ अर्थशास्त्री डॉ एस अनुकृति

**प्रियंका सौरभ**

**डॉ** अनुकृति को देखकर कोई कल्पना भी नहीं कर सकता कि साधारण-सी दिखने वाली यह युवा महिला विश्व बैंक, वाशिंगटन डीसी (अमेरिका) में वरिष्ठ अर्थशास्त्री जैसे महत्त्वपूर्ण पद पर प्रतिष्ठित डॉ एस अनुकृति हैं। लेकिन यह सच है। विश्व बैंक में बतौर अर्थशास्त्री ज्वाइन करने के साथ ही डॉ अनुकृति विश्व की अर्थव्यवस्था को नियंत्रित करने वाली इस सर्वोच्च बैंकिंग संस्था की दस सदस्यीय मानव संसाधन समिति की सदस्य भी बन गई थीं, जो पूरे विश्व में मानव संसाधन विकास का जिम्मा संभालती है। इससे पूर्व सात वर्षों तक बीसी यूनिवर्सिटी, बोस्टन (अमेरिका) में अर्थशास्त्र की प्रोफेसर रही डॉ अनुकृति के पति सिद्धार्थ रामलिंगम भी हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर और विश्व बैंक में कंसल्टेंट रह चुके हैं तथा वर्तमान में वाशिंगटन डीसी (अमेरिका) बेस्ड एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में कंसल्टेंट के पद पर कार्यरत हैं। डॉ अनुकृति साधारण होकर भी असाधारण हैं। अपनी विशिष्ट उपलब्धियों के कारण यह आज युवाओं और महिलाओं के लिए रोल मॉडल तथा प्रेरणा-स्रोत बन चुकी हैं। डॉ अनुकृति बचपन से ही बड़ी मेधावी और विलक्षण रही हैं। इन्होंने अपने माता-पिता से न कभी एक रुपया जेबखर्च लिया और न ही कभी सड़क पर खड़े होकर किसी ठेली-रेहड़ी वाले से कुछ खरीदा-खाया। एक दिन भी ट्यूशन नहीं किया, फिर सीबीएसई की 10+2 (नॉन मेडिकल) परीक्षा में 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कीर्तिमान स्थापित किया। डॉ अनुकृति का जन्म हरियाणा के नारनौल शहर में हुआ, लेकिन अठारह वर्ष हिसार में और सात वर्ष दिल्ली में रहीं; अब सत्रह वर्षों से अमेरिका जैसे विश्व के सर्वाधिक विकसित और संपन्न देश में रह रही हैं। लेकिन दिखावा या आडंबर इन्हें छू तक भी नहीं पाया है। गर्मी हो या सर्दी, भारत आते ही यहां के परिवेश के अनुरूप ढल जाती हैं। सत्रह वर्षों से हवाई जहाज से सफर करती हैं, बीस से अधिक देशों की यात्रा कर चुकी हैं, लोकल में भी मैट्रो या एसी बस से जाती-आती हैं, लेकिन साइकिल के अतिरिक्त एक्टिवा तक इन्हें चलानी नहीं आती। वरिष्ठ साहित्यकार और शिक्षाविद् डॉ रामनिवास 'मानव' तथा अर्थशास्त्र की पूर्व प्रवक्ता डॉ कांता भारती की लाडली बेटी तथा जन्मजात विशिष्ट प्रतिभा की धनी डॉ अनुकृति की उपलब्धियां वैश्विक स्तर की रही हैं। दिल्ली के सेंट स्टीफेंस कॉलेज से बीए इकोनॉमिक्स (ऑनर्स) और दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से एमए (इकोनॉमिक्स) करने के उपरांत विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में से एक कोलंबिया यूनिवर्सिटी, मैनहैट्टन (अमेरिका) से एमए (इकोनॉमिक्स), एमफिल और पीएचडी की तीन उपाधियां एकसाथ प्राप्त कीं। डॉ अनुकृति पढ़ाई में हमेशा अव्वल रही हैं। इन्होंने विश्वस्तरीय संस्थानों से शिक्षा प्राप्त की है, लेकिन अन्य विद्यार्थियों की भांति इन्हें प्रवेश लेने में कभी कोई कठिनाई नहीं हुई। 10+2 तक की शिक्षा हिसार के स्कूलों से प्राप्त करके इन्होंने बीए इकोनॉमिक्स (ऑनर्स) दिल्ली के सेंट स्टीफेंस कॉलेज से किया। तत्पश्चात दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में एमए (अंतरराष्ट्रीय संबंध), दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में एमए (अर्थशास्त्र) और इंडियन स्टेटिस्टिकल इंस्टीट्यूट में एमए (गणित) हेतु आवेदन किया और तीनों में ही इनका चयन हो गया। इनमें से दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स को इन्होंने चुना। यही नहीं, दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से एमए (अर्थशास्त्र) करने के बाद पीएचडी हेतु इन्होंने अमेरिका के छह अग्रणी विश्वविद्यालयों- रोचेस्टर, ब्राउन, विसकोंसिन मेडिसिन, कोलंबिया, न्यूयॉर्क और मेरीलैंड में आवेदन किया और सभी छह विश्वविद्यालयों में इनका चयन हो गया। डॉ अनुकृति ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी, मैनहैट्टन (न्यूयॉर्क) को चुना और वहां से एमए (इकोनॉमिक्स), एमफिल और पीएचडी की तीन उपाधियां एक साथ प्राप्त कीं। लेकिन इससे भी बड़ी बात यह है कि पीएचडी करने के बाद अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, स्वीडन, आस्ट्रेलिया और भारत सहित छह देशों के सत्रह विश्वविद्यालयों या समतुल्य संस्थानों में इनकी नियुक्ति हो गई, जिनमें से बीसी यूनिवर्सिटी को इन्होंने ज्वाइन किया। आर्थिक दृष्टि से डॉ अनुकृति कभी अपने माता-पिता पर बोझ नहीं बनीं। शिक्षा और शोधकार्य के दौरान इन्हें अमेरिका की जीई फंड स्कॉलरशिप, विकरी और हैरिस जैसे अवार्ड तथा कोलंबिया यूनिवर्सिटी रिसर्च स्कॉलरशिप प्राप्त हुई। कोलंबिया यूनिवर्सिटी के 6-वर्षीय पीएचडी प्रोग्राम के दौरान तो इन्हें अपने माता-पिता से एक रुपए की भी आर्थिक सहायता नहीं लेनी पड़ी। डॉ अनुकृति कहती हैं कि मैं अपने सफर को कठिन तो नहीं कहूंगी, किंतु आज जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूँ, तो लगता है, हरियाणा के एक छोटे-से शहर से विश्व बैंक तक का सफर कम ही लोग तय कर पाते हैं, विशेषकर लड़कियों और महिलाओं के लिए भारत के कई राज्यों में अपनी पढाई और करियर को प्राथमिकता देना आसान नहीं है। किंतु मेरे परिवार के सहयोग और प्रोत्साहन के कारण मुझे इस प्रकार की किसी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ा। मेरे माता-पिता ने मेरी और मेरे भाई (जो भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी बने) की परवरिश इस प्रकार से की थी कि हमें कभी यह नहीं लगा कि हमारे लक्ष्य या आकांक्षाएं केवल अपने शहर, राज्य या देश तक ही सीमित रहें। प्रारंभ में हरियाणा के एक छोटे शहर से दिल्ली के सेंट स्टीफेंस कॉलेज जाने में मुझे शायद अधिक अंतर अनुभव हुआ और समायोजन करने में कुछ समय लगा। किंतु बाद में मेरे लिए आगे का सफर अधिक मुश्किल नहीं रहा। अतः मैं माता-पिता और अभिभावकों से यही कहना चाहूँगी कि अपने बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा का निर्णय बहुत ध्यान से करें, क्योंकि उसका प्रभाव उनके पूरे जीवन और कैरियर पर पड़ता है। अपनी रुचि बच्चों पर न थोपें, बच्चों की रुचि का भी ध्यान रखें; अपना रास्ता और मंजिल उन्हें स्वयं तय करने दें। माता-पिता की रुचि बच्चों के व्यक्तित्व-विकास में सर्वाधिक बाधक है। सभी माता-पिता अपने बच्चों को डॉक्टर या इंजीनियर बनना चाहते हैं, जो उचित नहीं है। अन्य अनेक क्षेत्र हैं, जिनमें बच्चों को अपनी इच्छा और रुचि से जाने की छूट दी जाये, तो वे विशिष्ट उपलब्धियां प्राप्त कर सकते हैं। हां, माता-पिता का मार्गदर्शन और प्रोत्साहन बच्चों के लिए बहुत आवश्यक है। मुझे नहीं लगता कि अपने माता-पिता के मार्गदर्शन के बिना मैं इतना-कुछ प्राप्त कर पाती। मेरे माता-पिता और अन्य परिजनों ने कभी मेरे और मेरे भाई के बीच किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया और न ही कभी मुझ पर छोटी उम्र में शादी करने और अपने करियर पर कम ध्यान देने का दबाव डाला। मुझे बचपन में हमेशा पढ़ने और सर्वोच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया; घर के काम-काज का भार भी मुझ पर कभी नहीं डाला गया। अब मेरे पति प्रो सिद्धार्थ रामलिंगम का भी मुझे पूरा सहयोग प्राप्त है;

# योगी सरकार का समावेशी बजट–गांव, किसान–पर्यटन पर विशेष बल

**मृत्युंजय दीक्षित**

**उत्तर** प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार ने प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा 6.90 लाख करोड़ रुपए का बजट प्रस्तुत किया है जिसमें केंद्रीय बजट की तरह ही प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने पर बल दिया गया है और आगामी लोकसभा व नगर निकाय चुनावों को ध्यान में रखते हुए सामाजिक सरोकारों तथा शहरी क्षेत्रों व नगर निकायों के विकास पर भी बल दिया गया है।बजट में पहली बार किसी वर्ग विशेष या फिर धर्म विशेष का तुष्टिकरण भी नहीं किया गया है। वैसे भी जब से योगी सरकार बनी है तब से जितने भी बजट प्रस्तुत किए गये हैं सभी सबका साथ सबका विकास के नारे को ही ध्यान में रखकर प्रस्तुत किये गये हैं। योगी सरकार के वर्तमान बजट में जल तथा पर्यावरण संरक्षण सहित समाज के उच्च वर्ग से लेकर समाज के वंचित तबकों का भी पूरा ध्यान रखा गया है। प्रदेश सरकार अपने आर्थिक झसामाजिक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सतत रूप से प्रयत्नशील है और बजट के माध्यम से दावा कर रही है कि संकल्प पत्र के 110 संकल्प पूरे कर चुकी है और शेष कार्यों में प्रगति जारी है।प्रदेश के बजट में समाज के सभी क्षेत्रों के विकास पर पर्याप्त बल दिया गया है।उद्योगों, सड़कों, सेतुओं और उपरिगामी सेतुओं के लिए खजाना खोला गया है जबकि युवाओं के लिए भी कई उपहारों की घोषणाएं की गई हैं ।प्रदेश में मिजार्पुर, देवीपाटन और मुरादाबाद में तीन नये राज्य विश्वविद्यालयों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया गया है। दो नए लिंक एक्सप्रेस वे सहित प्रदेश के बजट से बुंदेलखंड में औद्योगिक विकास को रफ्तार भी मिलने जा रही है। प्रदेश के बजट में पर्यटन के लिए किसी विशेष योजना की घोषणा तो नहीं की गई है लेकिन पर्यटन स्थलो के विकास के लिए 237 करोड़ का पिटारा खोलकर सरकार ने धार्मिक व सांस्कृतिक स्थलों के विकास को और गति देने पर बल दिया है। प्रदेश में वर्ष 2022 में कुल 24.87करोड़ से अधिक पर्यटक आए थे जिनमें चार लाख से अधिक विदेशी पर्यटक शामिल थे।वर्तमान बजट में शक्तिपीठ मां शाकुम्भरी देवी मंदिर के समेकित पर्यटन विकास के लिए 50करोड़ रुपए खर्च होंगे।प्रयागराज के विकास के लिए 40 करोड़ रुपए खर्च होंगे।बौद्ध परिपथ के विकास के लिए 40 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। बंदेलखंड के विकास के लिए 40करोड़ तथा शुक्रतीर्थ धाम के पर्यटन विकास के लिए 10 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। साथ ही इस बात पर भी बल दिया गया है कि जो परियोजनाएं पहले से चल रही हैं उनके लिए भी धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। नैमिषारण्य धाम तीर्थ परिषद के विकास के लिए 2.50करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय में वैदिक विज्ञान केंद्र की स्थापना का मार्ग भी इस बजट से प्रशस्त हुआ है। वर्ष 2025 में प्रयागरज कुंभ के लिए 2,500 करोड़ रुपए आवंटित कर दिये गये हैं। गौमाता और किसान - प्रदेश में निराश्रित गोवंष एक बहत बड़ी समस्या बनकर उभरा है तथा अब वह सरकार के विरोध का जरिया भी बन गया है।अतः निराश्रित गोवंष का रख रखाव करने के लिए 750करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।शहरी क्षेत्रों में गौषालाओं के निर्माण के लिए भी 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। सरकार ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए बजट में 113.52करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।सरकार ने किसानो के विकास व उनकी आय बढ़ाने के लिए कई कदम उठाये हैं।राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के लिये 984 करोड़ प्रस्तावित किये गये हैं।कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लिए 750करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।प्रदेश सरकार व कृषि विष्लेषकों का अनुमान है कि अब प्रदेश के किसानों की आय विभिन्न योजनाओं के सहारे लगातार दोगुनी हो रही है।उत्तर प्रदेश किसानों को फ्री बिजली देने वाला छठा राज्य बन गया है।सिंचाई के क्षेत्र में नये राजकीय नलकूपों के लिए 502करोड़ व नलकूपों के पुनर्निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। प्रदेश आज लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है क्योंकि दुग्ध उत्पादन, गन्ना एवं चीनी उत्पादन, एथेनाल की आपूर्ति में प्रदेश नंबर वन बन चुका है।कोविड वैक्सीनेषन, किसानां को डीबीटी के माध्यम से भुगतान आदि कई अन्य योजनाओं में भी उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है। कुछ लोग सवाल उठा रहे हैं कि प्रदेश सरकार ने बजट में आम जनत के लिए क्या किया जबकि वास्तविकता यह है कि सरकार ने सभी का ध्यान रखते हुए सामाजिक सरोकारों पर विशेष बल दिया है और सबसे बड़ी बात यह है कि यह बजट ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद पेष किया गया जिसके कारण इसका महत्व और बढ़ जाता है। यही कारण है कि यह समावेशी बजट है।

## वेदों हमारे ज्ञान और ऊर्जा के बड़े स्रोत और

**संजीव**

**भारतीय** ऋग्वेद अथर्ववेद और अनेक वेदों में इतनी शक्ति ऊर्जा और अर्थ छुपा हुआ है कि उसका अध्ययन मनन और चिंतन करने से भारत विश्व गुरु बनने की क्षमता रखता है। भारत की योग विद्या पूरे विश्व में अमेरिका सहित यूरोप में अपनाई गई है। यह अलग बात है कि कुछ देशों के प्रशासको द्वारा अपनी सनक एवं विस्तार वादी मानसिकता के कारण यूक्रेन में युद्ध की स्थिति बन कर पूरे विश्व में वैश्विक युद्ध की संभावनाएं बन गई हैं। इसका हल मी भारतीय संस्कृति संस्कारों में छुपा हुआ है उसे बस अपनाने की जरूरत है। भारतीय संस्कृति आज महावीर तथा बुध के पूरे विश्व में करोड़ों अनुयाई हैं, और दोनों ने श्रम तथा सार्थकता को जीवन में अपनाने को ही महत्व दिया था। सफलता उनके लिए मिथ्या के बराबर ही थी' गुरु नानक देव द्वारा प्रतिपादित सरबत दा भला, हो या महात्मा गांधी का सर्वोदय, ईसा मसीह की करुणा, मोहम्मद साहब, टैगोर का मानवतावाद या नेहरू का अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रवाद जीवन के श्रम तथा सार्थकता की खोज में बड़े महत्वपूर्ण उदाहरण है' व्यक्तिगत और पारिवारिक स्तर पर देखा जाए तो महज रोजगार की तलाश विवाह संतानोत्पत्ति,बच्चों का भरण पोषण तथा सेवानिवृत्ति ही जीवन नहीं है। इसमें सामुदायिक श्रम और सार्थकता का समावेश होना समीचीन है' हालांकि इस बात में कोई दो मत नहीं कि पारिवारिक उत्तरदायित्व का निर्वहन समाजिक मूलभूत आवश्यकता है' पर इसके साथ साथ कुछ ऐसा सार्थक श्रम किया जाना चाहिए।

## फटाफट खबरें

### 28 को होगी विज्ञान प्रतियोगिताः डीआईओएस

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद लखनऊ के निर्देश पर जिला विज्ञान क्लब ने जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी की सहमति से 28 फरवरी को भजन संध्या स्थल रैन बसेरा सीतापुर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता आयोजित करेगा।

रविवार को जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र स्वरूप ने जिले के सभी माध्यमिक विद्यालय, यूपी बोर्ड, सीबीएसई, पॉलिटेक्निक, आईटीआई विद्यालयों एवं पॉलीटेक्निक संस्थानों, प्राइवेट एवं सरकारी सभी संस्थानों को निर्देश दिये हैं कि अपनी-अपनी संस्था के कक्षा 9 व 11 के विद्यार्थियों तथा तकनीकी विद्यालयों के छात्रों से कम से कम तीन-तीन विज्ञान मॉडल तैयार कर प्रतियोगिता में शामिल करायें। इस कार्य को शीर्ष प्राथमिकता दी जाये।

समन्वयक जिला विज्ञान क्लब साकेत बिहारी शुक्ल ने बताया कि जिला स्तरीय मॉडल प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान चयनित होने पर तीन हजार, द्वितीय स्थान पाने वाले को दो हजार तथा तीसरा स्थान पाने वाले को एक हजार रुपये के साथ स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र दिया जायेगा। इंजीनियरिंग के प्रथम स्थान प्राप्त छात्र के चयनित होने पर तीन हजार दिये जायेंगे। शीर्ष 15 चयनित मॉडल को मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने को भेजा जायेगा।

फोटो-
सीसी रोड पर हो रहा खडंजा निर्माण।
यह फोटो 26 सीकेटी तीन में है।
सीसी रोड के ऊपर कराया इंटरलॉकिंग खडंजा निर्माण
अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। पहाडी ब्लाक के गौहानीकला गांव में छोटा रैकवार के घर से भैयालाल के घर तक बनाए इंटरलाकिंग खड़ंजा निर्माण कार्य सीसी रोड के ऊपर कराया गया है। कम व घटिया सामग्री का उपयोग कर इंटरलाकिंग खड़ंजा निर्माण किया गया है। वहीं इंटरलॉकिंग खडंजा निर्माण कार्य के साथ नाली निर्माण कार्य में भी लापरवाही बरती गई है। मनरेगा योजना से कराये इंटरलॉकिंग खडंजा व नाली निर्माण कार्य में शासन के निदेर्शों को दर किनार कर निर्माण किया गया है। अब भुगतान की तैयारी की जा रही है।

पहाड़ी ब्लाक में खण्ड विकास अधिकारी का पदभार संभाले उपायुक्त श्रम एवं रोजगार धर्मजीत सिंह ने पूर्व में भी बिना कार्यों के सत्यापन व स्थलीय निरीक्षण किए बिना मनमानी ढंग से भुगतान किए थे। अब कयास लगाए जा रहे हैं कि इस इंटरलॉकिंग खडंजा निर्माण व नाली निर्माण कार्य का बिना स्थलीय निरीक्षण किए ही मनमानी ढंग से भुगतान कर दिया जाएगा।

### हादसे में मामा-भांजे की मौत, ट्रैक्टर ने बाइक को मारी ठोकर

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के देवांगना घाटी के पास ट्रैक्टर और मोटरबाइक में भिडन्त होने से तीन लोग घायल हो गये। हादसे में मामा-भांजे की मृत्यु हो गई। पुलिस ने शवों को मर्चरी भेजा है। ट्रैक्टर चालक फरार है।

ये हादसा शनिवार को देर रात कोतवाली कर्वी के देवांगना घाटी में हुआ। बताया गया कि सिलौटा बुजुर्गकला गांव का तीरथ पुत्र लाल अपने भांजे पंकज पुत्र इन्द्रजीत निवासी तुर्रा थाना बदौसा के साथ भैरमबाबा भंडारा खाने गया था। भंडारा से लौटते समय मोटरबाइक में सवार तीन लोग घर जा रहे थे। इसी बीच ट्रैक्टर ने बाइक को ठोकर मार दी। हादसे में तीसरा बाइक सवार बुद्धराज घायल हो गया। जिसे जिला अस्पताल से प्रयागराज रेफर किया है।

मृतक तीरथ एलएलबी कर रहा था और मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। तीन बहन और दो भाइयों में वह तीसरे नम्बर का था। पंकज दो बहनों के बीच एकलौता भाई था। इस बाबत कर्वी कोतवाल दीपेन्द्र सिंह ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा गया है। हादसे के बाद चालक फरार हो गया है। ट्रैक्टर को पकड लिया गया है।

### भारी विद्युत बिल आने से जिपं सदस्य समेत परिजन परेशान, उच्चाधिकारियों से की बिल संशोधन की मांग

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के गढचपा गांव की विद्युत कनेक्शन धारक/जिला पंचायत सदस्य अदिता सिंह बघेल का भारी विद्युत बिल आने पर विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि छह साल में 12 लाख का बिजली का बिल आया है। दो लाख रुपये जमा करने के बाद भी बिल है कि सुरसा की भांति बढता जा रहा है।

रविवार को गढचपा गांव की जिला पंचायत सदस्य अनीता सिंह बघेल के प्रतिनिधि अरुण उर्फ मिन्टू सिंह बघेल ने बताया कि बिजली विभाग भारी बिल भेज रहा है, जबकि घरेलू कनेक्शन का बिल इतना नहीं होना चाहिए। छह माह में चार लाख रुपये विद्युत बिल के जमा किये हैं। 23 फरवरी को अपरान्ह तीन बजे बिजली विभाग के जेई व एसडीओ उनकी लाइन काट गये हैं। मेन रोड गढचपा में आटा चक्की लगी है। उसी की लाइट उनके मना करने के बाद भी काट दिया है। छह माह में चार लाख रुपये जमा करने के बाद भी लाइट काटी गई है। बिजली विभाग के हर अधिकारी को बिल संशोधन को पत्र दिया है। कोई सुनवाई नहीं हो रही। बढा-चढाकर बिजली बिल भेजा जा रहा है। छह वर्ष में 16 लाख रुपये का बिजली बिल आ रहा है। 72 हजार रुपये प्रतिवर्ष बिजली बिल आने से वह खासे परेशान हैं। छह साल का बिल चार लाख तीस हजार रुपये होता है, जिसमें चार लाख रुपये जमा करने के बाद भी विद्युत विभाग 12 लाख रुपये का बिजली बिल बनाये हुए है। उन्होंने विद्युत बिल का संशोधन कराने की उच्चाधिकारियों से मांग की है।

### सड़क दुर्घटनाओं में एक छात्र समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**नगीना। दो अलग**-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक छात्र समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, 108 एंबुलेंस की मदद से घायलो को उपचार के लिए यहां सीएचसी लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों को चिंताजनक हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया,घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

नगीना देहात थाना क्षेत्र के ग्राम हेजरपुर निवासी प्रवीण सिंह का 20 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार ग्राम रेहमापुर के किसान इंटर कॉलेज से दूसरी पाली का इंग्लिश का पेपर देकर बाइक से लौट रहा था शाम 7:30 बजे करीब नगीना हरेबली मार्ग स्पीच स्थित एक पुलिया के पास पहुंचा सभी मारुति वैन चालक न अनियंत्रित होकर शिवम की बाइक को टक्कर मार दी जिससे शिवम सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को 108 एंबुलेंस की मदद से उपचार हेतु या सीएचसी लाया गया जहां उसको भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

उधर दूसरी ओर मोनू कुमार पुत्र जयपाल सिंह निवासी ग्राम ककराला थाना कोतवाली देहात वे संजय कुमार पुत्र बाबूराम निवासी मिलक गंगोड़ा थाना हल्दौर दोनों ही एक बाइक से बढ़ापुर थाना क्षेत्र के ग्राम बहेड़ी वाला से एक विवाह समारोह में दावत खाकर एक ही बाइक से वापस लौट रहे थे।

# स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला जलाकर जताया विरोध

## बौद्ध सम्मेलन में स्वामी के आने का कर रहे थे इंतजार

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री मोहित मिश्रा विकास की अगुवाई में जिले के सनातनियों ने एक स्वर से समाज के लिए अभिशाप बने सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्या का विरोध जताया। मौर्या का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय बौद्ध चेतना संस्थान के कार्यक्रम स्थल पटेल उत्सव भवन के सामने धरना भी दिया।

रविवार को जिला मुख्यालय के पटेल उत्सव भवन के बाहर धरना देते हुए भाजयुमो के जिला महामंत्री मोहित मिश्रा विकास की अगुवाई में सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य का विरोध जताया गया। मौर्य का पुतला जलाकर विरोध जताते हुए कहा कि बाबा तुलसीदास के खिलाफ मौर्य के दिये बयान को लेकर सभी सनातनी आक्रोशित हैं। सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के राष्ट्रीय बौद्ध महासम्मेलन में आगमन को लेकर सभी लोग विरोध को जुटे थे। ऐन मौके पर सपा नेता मौर्य नहीं आये। उन्होंने कहा कि



प्रशासन को मौर्य जैसे असमाजिक तत्व को पावन धरा में आने पर मिट्टी में मिला दिया जायेगा। ये मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम की तपोस्थली है। बाबा तुलसीदास की जन्म स्थली है। चित्रकूट सनातन प्रेमियों की आस्था का केन्द्र है। तुलसी का अपमान बर्दास्त नहीं किया जायेगा।

विहिप के छेदीलाल गौतम ने कहा कि मौर्य नहीं आये। वे आते तो पुलिस भी उनकी गिरफ्तारी को मुस्तैद थी। इस मौके पर भाजायुमो क्षेत्रीय मंत्री दुर्गेश शुक्ला, प्रमेन्द्र प्रताप सिंह, अभिषेक ओझा, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, बच्चन त्रिपाठी, आभेष मिश्रा, गौरव करवरिया, शिवाकान्त पाण्डेय, आदित्य, सुखेन्द्र सिंह, आशीष पाण्डेय, आशीष रघुवंशी, शिवदेवकी नन्दन पाण्डेय, भानू पाण्डेय, कपिल त्रिपाठी, कुलदीप पाण्डेय, शिवशंकर त्रिपाठी, शिवनरेश मिश्रा, विनीत पयासी, उज्जवल गुप्ता, निशांत गुप्ता, गोलू गर्ग, अनूप त्रिपाठी, विवेक किशन अग्रहरि, रामशरण तिवारी, रवि गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# टंकी निर्माण कार्य की हो निष्पक्षता से जांच, ताकि जनता को मिले लाभ

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक के ग्राम पंचायतों में हो रहे हर घर नल योजना के तहत पानी टंकी निर्माण कार्य में जमकर धांधली देखने को मिल रही है। जिम्मेदार मूकदर्शक बने हैं। बुंदेलखंड में भारी पेयजल संकट के मद्देनजर केंद्र व राज्य सरकार गांवों में घर-घर पानी पहुंचाने को नमामि गंगे के तहत हर घर नल योजना की शुरूआत की गई है। रविवार को हर घर नल योजना में भ्रष्टाचार की गन्ध आ रही है। एजेंसियों के खाते से निर्माण कार्य में उपयोग करने को अच्छी क्वालिटी की सरिया एवं सीमेंट दी गई है, ताकि किसी भी तरह के कार्य में धांधली न हो। सरकार के सपनों पर जिम्मेदारों की मिलीभगत से पानी



फेरा जा रहा है। निर्माण कार्य के लिए गोंडा, खमरिया, घुरेटनपुर, हरिहरपुर, दुगवां, पहरा समेत कई गांवों में पानी टंकी निर्माण कार्य जोर-शोर से हो रहा है। पानी टंकी निर्माण कार्य पर जमकर धांधली की जा रही है।

मानक विहीन कार्य कराकर सरकार के धन को बंदरबांट किया जा रहा है। सूबे की सरकार भ्रष्टाचारियों पर कडी कार्रवाई के निर्देश दे रही है, लेकिन पानी टंकी निर्माण कार्य में धांधली बरती जा रही है। अकबरपुर गांव में बनी पानी टंकी लीकेज होने से ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रहा है। गुणवत्ताविहीन कार्य की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, ताकि इस योजना से जनता को लाभ मिल सके।

# सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस कर रही सख्ती से जांच

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिले से सटे प्रयागराज के धूमनगंज इलाके में 24 फरवरी को सरे शाम बसपा विधायक राजू पाल की हत्या के मुख्य गवाह उमेश पाल व गगन संदीप निषाद की हत्या को लेकर हत्यारों की खोज को जिले में पुलिस खासी चैकन्नी हो गई है। रविवार को जिले के विभिन्न सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। यमुना पुल पार कर राजापुर आने वाले वाहनों की जांच के साथ मुर्का सीमा पर भी बरगढ थाना पुलिस सभी वाहनों की जांच में जुटी है। हत्या में वांछित आरोपियों की




तलाश व गिरफ्तारी को जिले की पुलिस खासी सक्रिय हो गई है। कयास हैं कि हत्यारे घटना को अंजाम देने के बाद किसी भी रास्ते से फरार होने का प्रयास कर सकते हैं। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने इस मामले में पैनी निगाह रखने के निर्देश सभी सीमावर्ती थानाध्यक्षों को दिये हैं। उन्होंने कहा है कि कोई भी संदिग्ध वाहन जांच से छूटने न पाये। वाहनों की सख्ती से जांच की जाये। जांच दौरान किसी के भी संदिग्ध मिलने पर सख्ती से पूंछताछ के बाद पूरी तरह संतुष्ट होने पर ही उसे आगे जाने दिया जाये।

# नवनीत के जेल जाने पर हो रहे नये खुलासे

## पुलिस रडार में है अभी कई लोग

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जेल मिलन कांड मामले में सपा नेता फराज खान व भू-माफिया/जेल कैंटीन संचालक नवनीत सचान की गिरफ्तारी के बाद जांच टीम के सामने कई लोगों के नाम आये हैं। इनमें कसहाई गांव के कुछ युवक हैं। इसके साथ बैंक के एक अधिकारी व साइबर कैफे संचालक भी जांच के घेरे में हैं। जांच टीम ने कई स्थानों पर छापेमारी की है।

रविवार को सूत्रों ने बताया कि शहर के कुछ साइबर कैफे संचालन भी जेल मिलनकांड में शामिल हैं। दो कैफे संचालकों को पूंछताछ को पकडा गया है। इन्हें



सर्विलांस व एसआईटी अपने साथ ले जाकर जानकारी एकत्र की है। एक बैंक अधिकारी भी इस मामले में मददगार के रुप में निशाने पर है।

निखत अंसारी को 16 फरवरी को लखनऊ की अदालत में पेशकर घटना से जुडे तथ्यों को संकलित करने को पुलिस ने रिमांड मांगा था। न्यायालय ने तीन दिन का पुलिस रिमांड दिया था। शुक्रवार को पुलिस निखत व चालक नियाज को पुलिस लाइन में कडी सुरक्षा में रखकर दोनों से पूंछताछ करती रही है। सपा नेता फराज खान व भू-माफिया/जेल कैंटीन संचालक नवनीत सचान को लखनऊ एंटी करप्शन कोर्ट में पेश करने के बाद लखनऊ जेल में 14 दिन के न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# होटलों में पार्किंग न होने से यातायात व्यवस्था धडाम, मामले को संज्ञान में लेकर डीएम उठायें कदम

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिले में ज्यादातर होटल, रेस्टोरेन्ट व शापिंग काम्पलेक्स में पार्किंग न होने से आये दिन जाम लगने से राहगीरों को भारी दिक्कत हो रही है। जिला प्रशासन ने इस ओर अभी तक कोई कदम नहीं उठाये। लोगों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि ऐसे स्थलों पर पार्किंग बनाने के निर्देश दें या फिर होटल, रेस्टोरेन्ट व शापिंग काम्पलेक्स बीच बाजार से हटवाये जायें।

रविवार को जिले में डीएम अभिषेक आनन्द ने ट्राफिक चैराहा को तो अतिक्रमण से मुक्त कर दिया है, लेकिन होटल, रेस्टोरेन्ट, शापिंग काम्पलेक्स में पार्किंग न होने से राहगीरों को आये दिन जाम के झाम का सामना करना पड रहा है। लोगों की इस तकलीफ को भी जिलाधिकारी को संज्ञान में लेना चाहिए, ताकि लोग निर्विघ्न होकर मार्ग से गुजर सकें। बांदा के अफसरान ने पार्किंग न होने पर कम्फर्टइन रेस्टोरेन्ट को सीज कर दिया है। बांदा में कई लोगों को नोटिस जारी कर पार्किंग स्थल बनाने के निर्देश भी दिये गये हैं। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द को बांदा के अफसरान से सीख लेनी चाहिए, ताकि होटल, रेस्टोरेन्ट, शापिंग काम्पलेक्स व मैरिज हाल के बाहर जाम न लग सके। सडकों पर बारात निकलने के दौरान जिस तरह से लोग डांस करते हैं, उससे सडकों पर भारी जाम लग जाता है। बाराती मुख्य मार्गों को घर का आंगन समझकर परिवहन व्यवस्था को प्रभावित करते हैं। जिला प्रशासन इस मामले को संज्ञान में लेकर कठोर कदम उठाये, तभी सही ढंग से मरीज लिए एम्बुलेंस को भी जाम का सामना नहीं करना पडेगा। शहर को विकास से जोडने को जिलाधिकारी को इस बाबत पहल करनी चाहिए।

## न्यूज झरोखा

### तीन दिन पूर्व टहलने निकला एक व्यक्ति घर नही लौटा

**नहटौर। तीन दिन** पूर्व टहलने निकला एक व्यक्ति घर नही लौटा। परिजनों ने अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। गुरुवार की शाम मौहल्ला पंचायती मंदिर निवासी स्व.सुदर्शन जैन का पुत्र हेमंत जैन घर से घूमने के लिए निकला था। लेकिन वह देर रात तक वापस नहीं लौटा। जिस पर परिजनों ने उसके मोबाइल पर कॉल की तो मोबाइल घर पर ही रखा मिला।

परेशान परिजनों ने उसे हर सम्भव स्थान पर तलाश किया लेकिन उसका कहीं पता नही चल सका। परिजनों ने पुलिस से उसकी बरामदगी की गुहार लगाई है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि लापता की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है।

### कृषि यन्त्र निमार्ता कंपनी ?विक्रेताओं को किया ब्लैक लिस्ट

**बिजनौर । उप कृ**षि निदेशक गिरीश चन्द द्वारा कृषक भाईयों को सूचित करते हुए बताया कि प्रमोशन आफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फार इन-सीटू मैनेजमेन्ट आफ क्राप रेज्ड्यू योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21 व 2021-22 में जनपद बुलन्दशहर में अनुदान पर वितरित बेलर की जॉच में कृषि यन्त्र निमार्ता कम्पनियों व विक्रेताओं द्वारा की गयी अनियमितता के दृष्टिगत निम्न कृषि यन्त्र निमार्ता कम्पनियों व विक्रेताओं को ब्लैक लिस्ट किया गया है।

उन्होंने बताया कि ब्लैक लिस्ट कम्पनियों व विक्रेताओं में एग्रीओना इण्डस्ट्रीज प्रा0लि0,58-ऐ0जी0टी0 रोड, शाहनेवाल लुधियाना 141120 (निमार्ता), मेघराज गोयल एण्ड कम्पनी, नियर-सोला द मट्ट बरनाला, पंजाब (निमार्ता), एम0जी0एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स, डिबई रोड सबलपुर, जनपद-बुलन्दशहर (विक्रेता), मै0चौधरी एग्रीकल्चर स्टोर,भगवती विहार बाईपास रोड,चन्दौसी (सम्भल) उ0प्र0 (विक्रेता), गुप्ता एग्रीकल्चर इम्पलीमेंट्स रेलवे रोड़, डिबई, जनपद-बुलन्दशहर (विक्रेता), कैलाश ज्ञान मोटर्स, रेलवे रोड, डिबई, जनपद-बुलन्दशहर (विक्रेता), डी0एल0 एसोसिएट्स, बिसाइड इण्डियन पैट्रोल पम्प, नियर न्यू तहसील जी0टी0 रोड, खुर्जा बुलन्दशहर (विक्रेता) है।

उन्होंने बताया कि इन कृषि यन्त्र निमार्ता कम्पनियों व विक्रेताओं को अभियन्त्रण अनुभाग, कृषि निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा दिनांक 20 फरवरी .2023 से ब्लैक लिस्ट किया गया है। अतः उक्त कृषि यन्त्र निमार्ता कम्पनियों/विक्रेताओं से कृषक द्वारा क्रय किये गये यन्त्रों पर कृषि विभाग द्वारा अनुदान देय नहीं होगा।

किसान भाईयों से अनुरोध है कि उक्त से अवगत हों तथा इन निमार्ता कम्पनियों/विक्रेताओं से कृषि यन्त्र क्रय न करें, अन्यथा उन्हे कृषि विभाग से अनुदान देय नहीं होगा।

उन्होंने जानकारी देते हुए यह भी बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 27 फरवरी,23 को कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर 12:00 बजे डब्ल्यूडीसीपीएमकेएसवाई-2.0 योजना के अंतर्गत डब्ल्यूसीडीसी की समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाएगा। उक्त सम्बन्ध में संबंधित विभागीय अधिकारियों, ग्राम प्रधानों एवं भूमि संरक्षण अनुभाग के समसत तकनीकी कर्मचारियों से बैठक में प्रतिभाग करने का आहवान किया है।

### रंग में भंग डालने वाले किसी भी शरारती तत्व को बख्शा नहीं जाएगा

**नगीना पुलिस** क्षेत्राधिकारी संग्राम सिंह ने होली का पर्व शांतिपूर्वक मनाने के लिए बाल्मिकी बस्ती में बाल्मीकि समाज की बैठक लेकर होलिका पर आपसी भाईचारे के साथ मनाने का आह्वान किया है उन्होंने दो टूक कहा के रंग में भंग डालने वाले किसी भी शरारती तत्व को बख्शा नहीं जाएगा।

बाल्मिकी बस्ती शिव चौक पर भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि की अध्यक्षता एवं मनोज बाल्मीकि के संचालन में आहूत बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी संग्राम सिंह ने कहा कि आगामी 7 और 8 मार्च को होली का पर्व रगो उमगो और खुशियों बड़ा त्यौहार है जो अपनों के साथ साथ अपने बेरियो को भी अपने गले लगाकर ब्रिज भावनाओं को मिटाने का त्योहार है जो अपनी एक अलग पहचान रखता है इसलिए सभी युवा बड़े हर्षोल्लास और प्यार मोहब्बत के साथ मनाई उन्होंने दो टूक कहा कि यदि किसी शरारती तत्व नहीं रंगभग को का प्रयास किया उसको किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

थाना प्रभारी रविंद्र विशिष्ट ने कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे के साथ बनाए साथ ही बस्ती के युवा वर्ग के लोग शराब का सेवन ना करें नशीले पदार्थों से बचें यही घर परिवार की खुशहाली का हमारे मुख्य मार्ग है जिस पर हमें अमल करना चाहिए।

बैठक को एसआई कुलदीप राणा अशोक कुमार एसआई मास्टर श्याम सुंदर मास्टर रणवीर सिंह संदीप बाल्मीकि महेश उर्फ दारा जयपाल सिंह मदनलाल अनु वाल्मीकि सुरेश चंद मेहर सिंह सुंदर लाल बिट्टू सफाई नायक अनिल कुमार नौबतराम मुकेश वाल्मीकि रमेश चंद सुनील कुमार अजीत कुमार रोहित अशोक सोमदत्त गोविंदा कुमार रूपेश कुमार सूरज कुमार गोलू कुमार आदि ने संबोधित किया बैठक में सैकड़ों बाल्मीकि समाज के लोग मौजूद रहे।

### किशोरी बरामद दो गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**मिजार्मुराद। क्षेत्र** के एक गांव से बीते बुधवार को गायब हुई किशोरी को मिजार्मुराद पुलिस ने बरामद करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर के शनिवार को जेल भेज दी। मिजार्मुराद थानाध्यक्ष दीपक कुमार रणावत ने बताया कि बीते बुधवार को एक किशोरी घर से रहस्मय परिस्थिति में गायब हो गई थी पिता के तहरीर पर पुलिस ने कल्लीपुर गांव निवासी उदल पटेल समेत पांच लोगों के खिलाफ 363, 366, 368, 376 व 3/4/16/17 पाक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज किया था।

# विदेश संदेश

## अमेरिका में विमान हादसा, मरीज समेत पांच लोगों की मौत

**स्टेजकोच (नेवादा)।** अमेरिका में नेवादा के पहाड़ी क्षेत्र में रात चिकित्सा सुविधा प्रदान करने वाला विमान (एयर एंबुलेंस) दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हवाई दुर्घटना में चिकित्साकर्मियों और एक मरीज सहित पांच लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी इस विमान का संचालन करने वाली कंपनी ने दी है। इस बारे में ल्योन काउंटी शेरिफ के कार्यालय ने कहा कि अधिकारियों को रात 9:15 बजे इसकी सूचना मिली। इसके दो घंटे बाद स्टेजकोच के पास विमान का मलबा मिला। स्टेजकोच में करीब 2500 लोग रहते हैं। यह शहर रेनो से करीब 72 किलोमीटर दूर है। विमानन कंपनी का कहना है कि मृतकों के सभी रिश्तेदारों को सूचित कर दिया गया है। अमेरिकी मौसम सेवा का कहना है कि इस समय इस इलाके में भारी बर्फबारी हो रही है। संघीय उड्डयन प्रशासन के रिकॉर्ड के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त एयर एंबुलेंस (पिलाटस पीसी-12) का निर्माण वर्ष 2002 में हुआ था। विमान कंपनी ने शोक जताते हुए कहा है कि अन्य पिलाटस पीसी-12 की सभी उड़ानों को रोक दिया है।



## पापुआ न्यू गिनी में आया 6.5 तीव्रता का तेज भूकंप, अफगानिस्तान में फिर हिली धरती

**लंदन।** पापुआ न्यू गिनी के न्यू ब्रिटेन क्षेत्र में रविवार को भूकंप आया। जिसकी तीव्रता 6.5 मापी गई। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे ने यह जानकारी दी। यूएसजीएस के मुतबाकि, भूकंप का केंद्र 65 किमी की गहराई में था। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।वहीं अफगानिस्तान के फैजाबाद में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, रविवार तड़के करीब 2:15 बजे अफगानिस्तान के फैजाबाद से 273 किमी उत्तर पूर्व में 4.3 तीव्रता का भूकंप आया। एनसीएस ने ट्वीट किया कि भूकंप का केंद्र 180 किलोमीटर की गहराई में थी। हाल के दिनों में कई देशों में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। बीते दिनों ताजिकिस्तान और अफगानिस्तान में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के फैजाबाद से 265 किमी दूर ताजिकिस्तान में था। इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.6 मापी गई थी। इसके अलावा ताजिकिस्तान में मुर्गोब से 67 किमी पश्चिम में भी 6.8 तीव्रता का भूकंप आया था। वहीं, बीते छह फरवरी को तुर्किये और सीरिया में विनाशकारी भूकंप आया था, जिसमें 50,000 से अधिक लोगों की जान चली गई। शक्तिशाली भूंकप से हजारों इमारतें ढह गई थीं। इससे लाखों लोग बेघर हो गए हैं। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 7.8 मापी गई थी। 21 फरवरी को भी तुर्किये-सीरिया सीमा क्षेत्र में 6.4 तीव्रता का भूकंप आया था।



## यूक्रेन मामले पर यूएन आमसभा से अनुपस्थित रहा बांग्लादेश, रूस ने कहा धन्यवाद

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र आम सभा में हाल ही में यूक्रेन में शांति के मुद्दे पर एक प्रस्ताव पेश किया गया, जिससे बांग्लादेश अनुपस्थित रहा। रूस ने बांग्लादेश की सरकार को उसके इस फैसले के लिए धन्यवाद दिया है। गौरतलब है कि हाल ही में बांग्लादेश ने रूस के जहाजों को पश्चिमी प्रतिबंधों के चलते अपने तटों पर रुकने से इनकार कर दिया था, जिससे रूस नाराज भी हुआ था। अब माना जा रहा है कि बांग्लादेश ने रूस को मनाने और संतुलन बनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र की आम सभा से अनुपस्थित रहने का फैसला किया। बता दें कि संयुक्त राष्ट्र की आम सभा में यूक्रेन में शांति स्थापित करने के मुद्दे पर एक प्रस्ताव लाया गया। इस प्रस्ताव को यूक्रेन और इसके समर्थक देशों ने आम सभा में रखा। 193 सदस्यों वाली आम सभा में से 141 वोट इस प्रस्ताव के समर्थन में पड़े और सात वोट प्रस्ताव के विरोध में गिरे। 32 सदस्य देश इस वोटिंग से गैर हाजिर रहे। गैर हाजिर रहे देशों में भारत, बांग्लादेश आदि शामिल हैं। बांग्लादेश में रूस के राजदूत वेसेली नेबेनजिया ने संयुक्त राष्ट्र की आम सभा में बांग्लादेश को समर्थन देने के लिए धन्यवाद दिया। यूक्रेन पर हमले के चलते पश्चिमी दुनिया ने रूस पर कई प्रतिबंध लगा दिए हैं। इन्हीं प्रतिबंधों के चलते बीते दिनों बांग्लादेश ने रूस के जहाजों को बांग्लादेश के तटों पर रुकने पर प्रतिबंध लगा दिया था। इससे रूस ने बांग्लादेश के राजदूत को तलब कर अपनी नाराजगी भी जाहिर की थी।

# नेपाल में खतरे में 'प्रचंड' सरकार: डिप्टी-पीएम सहित 4 मंत्रियों का इस्तीफा

### विपक्षी पार्टी के राष्ट्रपति उम्मीदवार को पीएम के समर्थन देने से नाराज

**काठमांडू।** नेपाल में दो महीने पहले बनी पुष्प कमल दहल की सरकार से उप-प्रधानमंत्री राजेंद्र सिंह लिंगदेन समेत राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के 4 मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया है। दरअसल, प्रचंड की सरकार ने गठबंधन से बाहर जाकर राष्ट्रपति पद के लिए विपक्षी पार्टी नेपाली कांग्रेस के रामचंद्र पौडेल को समर्थन देने की घोषणा की है। इससे नाराज RPP के मंत्रियों ने सरकार से हटने का फैसला लिया।

हालांकि, जिन मंत्रियों ने इस्तीफा दिया है, उनकी पार्टी ने अब तक आधिकारिक तौर पर सरकार से समर्थन वापस नहीं लिया है। अगर ऐसा होता है तो प्रचंड सरकार खतरे में आ सकती है।



नेपाल की संसद में 275 सीट हैं, जिसमें RPP की 14 सीटें हैं। इसके साथ ही वो 5वीं सबसे बड़ी पार्टी है। इस्तीफा देने वाले मंत्रियों के पास कई अहम विभाग थे

नेपाल के PM ऑफिस ने 4 मंत्रियों के इस्तीफे की बात स्वीकार की है। हालांकि अभी ये साफ नहीं हुआ है कि सरकार ने उनका इस्तीफा माना है या नहीं।

मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने वाले RPP के नेता लिंगदेन के पास ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्रालय था। वहीं उपाध्यक्ष बिक्रम पांडे के पास शहरी विकास मंत्रालय और नेता ध्रुव बहादुर प्रधान के पास कानून, न्याय और संसदीय कार्य मंत्रालय था। इसी तरह, दीपक बहादुर सिंह सरकार में ऊर्जा राज्यमंत्री थे।

**रामचंद्र पौडेल का राष्ट्रपति बनना लगभग तय**

दूसरी तरफ, नेपाली कांग्रेस के नेता रामचंद्र पौडेल का नेपाल का राष्ट्रपति बनना लगभग तय हो गया है। उनके पास नेपाली कांग्रेस, CPN-माओवादी केंद्र, जनता समाजवादी पार्टी और CPN पार्टी समेत आठ पार्टियों का नया गठबंधन बना है। नेपाल में 9 मार्च को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने हैं। यहां राष्ट्रपति का कार्यकाल 5 साल का होता है और एक व्यक्ति को सिर्फ 2 बार ही राष्ट्रपति पद के लिए चुना जा सकता है।

**सुप्रीम कोर्ट ने रद्द की थी रबि लामिछाने की सदस्यता**

इससे पहले 7 फरवरी को नेपाल की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने प्रचंड की सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। वहीं गठबंधन में फूट पड़ने से कई मंत्रियों ने इस्तीफे की पेशकश कर दी थी। जिससे सरकार खतरे में आ गई थी।

# अमेरिकी विदेश मंत्री का दावा, भारत-चीन ने रोका यूक्रेन पर रूसी परमाणु हमला

**वाशिंगटन।** यूक्रेन पर रूसी हमले के एक साल पूरे होने पर अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन पर काफी पहले ही परमाणु हमला कर चुके होते, किन्तु उन्हें ऐसा करने से भारत और चीन ने रोका है।

एक साक्षात्कार में ब्लिंकन ने यूक्रेन पर रूसी हमले के एक साल पूरे होने पर तमाम सवालों के बेबाकी से जवाब दिये। उन्होंने कहा कि पुतिन इस युद्ध में ज्यादा तर्कहीन रूप से प्रतिक्रिया कर सकते हैं। युद्ध के दौरान मास्को




की तरफ से बार-बार परमाणु हमले की धमकी दी गई। यह निश्चित रूप से चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने चीन और भारत सहित उन देशों से युद्ध को खत्म करवाने का आग्रह किया, जिनके संबंध रूस से अच्छे हैं। इसका असर भी हुआ। भारत और चीन ने रूस को यूक्रेन पर परमाणु हमला करने से रोकने की पहल की और यह प्रयास सफल भी हुआ।

अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा कि पिछले कई दशकों से भारत को रूस से सैन्य उपकरण मिलते थे। पिछले कुछ वर्षों में देखा गया कि भारत ने रूस पर भरोसा करने के साथ अमेरिका और फ्रांस जैसे अन्य देशों के साथ भी साझेदारी बढ़ाई है। इस तरह भारत ने पश्चिमी देशों पर भरोसा बढ़ाया है।

## ओमान में भारतीय गायक मोहम्मद वकील सम्मानित

**मस्कट।** भारत के प्रसिद्ध गजल और पार्श्व गायक मोहम्मद वकील को मस्कट (ओमान) में द प्राइड ऑफ इंडिया अवार्ड से सम्मानित किया गया। 24 फरवरी को आयोजित 'द डेजर्ट स्टोरीज अवार्ड समारोह' में उन्होंने यह पुरस्कार मुख्य अतिथि भारतीय राजदूत एचई अमित नारंग और सैय्यद मोहम्मद बिन सलीम बिन अली सैय्यद ने प्रदान किया। फिल्म वीर जारा में आया तेरे दर पर दीवाना... जैसे गीतों को अपनी आवाज से यादगार बनाने वाले मोहम्मद वकील सारेगामा के पहले सीजन के मेगा फाइनल के विजेता भी हैं। पुरस्कार मिलने के बाद वकील ने इस पल को यादगार बताया। उन्होंने कहा- मैं भारत की ओर से यह पुरस्कार प्राप्त कर रहा हूं। मुझे भारतीय होने पर गर्व है।



## पाकिस्तान के बलूचिस्तान में धमाका, 4 की मौत:बाइक में लगी थी एक्सप्लोसिव डिवाइस

### 10 से ज्यादा लोग घायल

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में धमाका हुआ है। इसमें 4 लोगों की मौत हो गई है। 10 लोगों के घायल होने की खबर है। घायलों में ज्यादातर की हालत गंभीर बताई जा रही है। पाकिस्तानी मीडिया 'डॉन' के मुताबिक, धमाका भरखान शहर के रखनी मार्केट में हुआ है।

इस बाजार में काफी भीड़ रहती है और यहां पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं। यहां बेतरतीब ट्रैफिक के बीच एक बाइक खड़ी थी। इसमें ही इम्प्रोवाइस्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस यानी ढ्श्श्ष्ठ लगाया गया था। पुलिस मौके पर पहुंच गई है। धमाके के कुछ फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इन वीडियो में तबाही और लोगों को जान बचाकर भागते हुए देखा जा सकता है।

**बढ़ सकती है मरने वालों की तादाद**

बरखान के डिप्टी कमिशनर अब्दुल्ला खोसो ने बताया मार्केट में अमूमन लोग कहीं भी गाड़ियां खड़ी कर देते हैं। जहां से लोगों के गुजरने का मुख्य रास्ता है, उसी



रास्ते में एक बाइक खड़ी की गई थी। इसमें IED प्लांट किया गया था। इसमें ही धमाका हुआ।

वहीं, बरखान स्टेशन हाउस ऑफिसर सज्जाद अफजल ने कहा- घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। ज्यादातर घायलों की हालत गंभीर है, जिसके चलते मरने वालों का आंकड़ा बढ़ सकता है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम जांच कर रही है।

## रूस ने पोलैंड की तेल आपूर्ति रोकी, यूक्रेन की मदद करने पर उठाया कदम

**लंदन।** यूक्रेन-रूस के बीच चल रहे संघर्ष का अभी तक कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा है। इस युद्ध का असर ऊर्जा समेत अनेकों क्षेत्रों पर पड़ रहा है। इस युद्ध की वजह से यूरोपीय देशों को ऊर्जा आपूर्ति को लेकर काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। वहीं अब मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, रूस ने अब पोलेंड के लिए पाइपलाइन से तेल की आपूर्ति रोक दी है। पोलिश रिफाइनर पीकेएन ओर्लेन के मुख्य कार्यकारी ने कहा कि रूस ने द्रुजबा पाइपलाइन के माध्यम से पोलैंड को तेल की आपूर्ति रोक दी है, और कहा कि कंपनी अंतर को भरने के लिए वैकल्पिक स्रोतों को तलाश रही है। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों से पाइपलाइन से तेल की आपूर्ति को बाहर रखा गया था, लेकिन पोलैंड द्वारा यूक्रेन को अपना पहला लियोपार्ड टैंक देने के एक दिन रूस ने ही यह आपूर्ति रोक दी है। हालांकि पोलेंड ने इसे चिंताजनक नहीं कहा है।

कंपनी पीकेएन ओर्लेन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेनियल ओब्जटेक ने कहा कि हम प्रभावी ढंग से आपूर्ति हासिल कर रहे हैं। रूस ने पोलैंड को आपूर्ति बंद कर दी है, जिसके लिए हम तैयार हैं। रूस से केवल 10 फीसदी कच्चा तेल आ रहा है और हम इसे अन्य स्रोतों से तेल से बदल देंगे। कंपनी ने कहा कि वह अपनी रिफाइनरियों को पूरी तरह से समुद्र के माध्यम से आपूर्ति कर सकती है और पाइपलाइन की आपूर्ति में रुकावट से ग्राहकों को गैसोलीन और डीजल की डिलीवरी प्रभावित नहीं होगी। फरवरी तक, रूस की रोसनेफ्ट के साथ एक अनुबंध समाप्त होने के बाद, ओरलेन को रूस की तेल और प्राकृतिक गैस कंपनी टाटनेफ्ट के साथ एक सौदे के तहत तेल मिलता रहा है। वहीं इस मामले पर टाटनेफ्ट और रूसी तेल पाइपलाइन एकाधिकार ट्रांसनेफ्ट ने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं



दिया। आक्रमण के एक साल बाद यूक्रेन के समर्थन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने वारसॉ और कीव का दौरा करने के बाद आपूर्ति रोक दी। यूरोपीय संघ रूस पर प्रतिबंधों के 10वें पैकेज पर सहमत हो गया। यूक्रेन पर आक्रमण के बाद और यूरोपीय संघ द्वारा रूस से समुद्री आपूर्ति पर रोक लगाने से पहले, ओर्लेन ने समुद्र के माध्यम से रूसी तेल और ईंधन खरीदना बंद कर दिया। कंपनी के आपूर्ति पोर्टफोलियो में अब पश्चिमी अफ्रीका, भूमध्यसागरीय, खाड़ी और मैक्सिको की खाड़ी से तेल शामिल है। इसका 2022 तक सऊदी अरामको के साथ आपूर्ति अनुबंध भी है।

## 'बाइडन ने पाकिस्तान को सैन्य मदद जारी रखी...', निक्की हेली बोलीं- राष्ट्रपति बनी तो दुश्मनों की फंडिंग बंद

**कीव।** हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारी का एलान करने वाली रिपब्लिकन पार्टी की नेता निक्की हेली ने अपने चुनाव प्रचार की तैयारियां शुरू कर दी हैं। हाल ही में एक रिसर्च में सामने आया था कि अमेरिका में उनको पसंद करने वालों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है और उनकी अप्रूवल रेटिंग यानी उन्हें पसंद करने वालों की संख्या अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से भी ज्यादा है। अपनी इस बढ़ती

रहा है।' उन्होंने कहा, 'हम बेलारूस तक को मदद भेजते हैं,



जो कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का सबसे करीबी दोस्त है। हम कम्युनिस्ट देश क्यूबा को भी मदद भेजते हैं, जहां की सरकार ने हमें आंतकवाद का प्रायोजक करार देती है।' हेली ने यह भी कहा कि पाकिस्तान और इराक को मदद भेजी जाती है, जहां अमेरिका का विरोध होता है और आतंकी संगठन सक्रिय हैं।

हेली ने अमेरिका की पिछली सरकारों और राष्ट्रपतियों पर धारदार हमले करते हुए कहा कि यह सिर्फ जो बाइडन की कहानी नहीं है। यह दोनों पार्टियों (डेमोक्रेट्स-रिपब्लिकन) के नेतृत्व में दशकों से हो रहा है। हमारी विदेशी मदद की नीति भूतकाल में ही अटकी है। यह एक तरह से ऑटो-पायलट मोड पर है, जिसमें मदद पाने वाले देशों के अमेरिका के प्रति बर्ताव को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया जाता है।

## उत्तर कोरिया में घट रहा अनाज उत्पादन, भुखमरी की तरफ देश; 'किम जोंग' पर सत्ता बचाने की चुनौती

**सियोल।** दुनिया के तमाम देशों के साथ ही उत्तर कोरिया में भी खाद्य संकट गहराता जा रहा है। कोरोना महामारी के बाद यहां तेजी से भोजन की कमी हो रही है। कुछ रिपोर्टों में कहा गया है कि उत्तर कोरियाई क्षेत्र में एक बड़ी आबादी भुखमरी का शिकार हो रही है, लेकिन विशेषज्ञ इन चर्चाओं को खारिज कर रहे हैं और उनका कहना है कि देश में अकाल जैसी स्थिति के कोई संकेत नहीं हैं।

इस बीच उत्तर कोरिया में यह अटकलें फिर से तेज हो गई हैं कि शीर्ष नेता एक सही कृषि नीति तैयार करने के लिए तत्काल चर्चा की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी की आगामी बैठक का उद्देश्य अपने नेता किम



जोंग उन के समर्थन को बढ़ावा देना है, क्योंकि वह अमेरिकी दबाव और प्रतिबंधों के बावजूद परमाणु हथियार कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहे हैं।

**खाद्य संकट दूर किए बिना आगे नहीं बढ़ सकते किम जोंग**

सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी की बैठक फरवरी के अंत में होने वाली है। इस बैठक का एजेंडा अभी तक सामने नहीं आया है, लेकिन पार्टी के शक्तिशाली पोलित ब्यूरो का कहना है कि कृषि विकास में आमूलचूल परिवर्तन के लिए बड़े और उचित कदम उठाने की आवश्यकता है। उधर, सियोल में क्यूंगनाम यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट फॉर फार ईस्टर्न स्टडीज के प्रोफेसर लिम एउल-चुल का कहना है कि खाद्य समस्या को हल किए बिना किम जोंग उन अपने परमाणु कार्यक्रम को आगे नहीं बढ़ा सकते हैं, क्योंकि ऐसा करने से जनता का समर्थन हिल जाएगा।

**1990 में भुखमरी से गई थीं लाखों जानें**

उत्तर कोरिया में खाद्य संकट की सटीक स्थिति जानना मुश्किल है, लेकिन 1990 में भी कोरिया ऐसे ही संकट का सामना कर चुका है, तब भुखमरी के कारण लाखों लोगों की जानें गई थीं। तब से लेकर अब तक उत्तर कोरिया में खाद्य संकट बना हुआ है। 2011 के अंत में नेता के रूप में अपने पिता से पदभार ग्रहण करने के बाद अपने पहले सार्वजनिक भाषण में, इस कमी को दूर करने का वायदा किया था। किम जोंग उन के शासन की शुरुआत में अर्थव्यवस्था में सुधार भी हुआ था, लेकिन परमाणु कार्यक्रम के कारण कड़े अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के कारण संकट गहराता ही चला गया है।

**हर साल घट रहा अनाज उत्पादन**

उत्तर कोरिया को अपने 2.5 करोड़ लोगों के लिए 5.5 मिलियन टन अनाज की आवश्यकता है। हालांकि, यहां हर साल अनाज उत्पादन घटना ही जा रहा है। अनुमानों के अनुसार, बीते साल लगभग 4.5 मिलियन टन उत्पादन हुआ, जो एक साल पहले की तुलना में 3.8त्न कम था। इससे पहले पिछले एक दशक में वार्षिक अनाज उत्पादन लगभग 4.4 मिलियन टन से 4.8 मिलियन टन तक स्थिर हो गया है।

## तालिबान का PAK को प्रस्ताव: TTP लड़ाकों को रोकने के लिए तैयार, लेकिन उनके पुनर्वास का खर्चा उठाए पाकिस्तान

**कीव।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने पहली बार पाकिस्तान को प्रस्ताव दिया है कि वह प्रतिबंधित टीटीपी के लड़ाकों और पाक-अफगान सीमा से उनके 30 हजार से ज्यादा सदस्यों को स्थानांतरित करने के लिए तैयार है। तालिबानी शासन ने हालांकि पाकिस्तान सरकार से उनके पुनर्वास का खर्च वहन करने के लिए कहा है। पाकिस्तान के एक प्रमुख समाचार पत्र की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में हुई राष्ट्रीय शीर्ष समिति की बैठक में यह बात सामने आई। बैठक में पाकिस्तान में बढ़ते आतंकी हमलों से निपटने को लेकर रणनीति तैयार करने पर चर्चा की गई। खबर में कहा गया है कि अफगान तालिबान ने कहा है कि वह प्रतिबंधित टीटीपी के आतंकियों और उनके परिवारों को सीमा पार लेने जाने की इच्छुक है, लेकिन वह चाहते हैं कि इस्लामाबाद प्रस्तावित पुनर्वास का खर्च वहन करे। बैठक में राजनीतिक और सैन्य प्रतिष्ठान के कई हाई-प्रोफाइल सदस्यों ने भाग लिया। बैठक ऐसे समय में हुई है जब हाल ही में रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ और खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल नदीम अंजुम ने काबुल में तालिबान शासन के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की है और पाकिस्तान में टीटीपी की मौजूदगी के सबूत साझा किए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार के प्रस्ताव में टीटीपी के सदस्यों को निशस्त्र करना और उनके परिवारों को पाक-अफगान सीमा से स्थानांतरित करना शामिल है। हालांकि, तालिबान सरकार ने पाकिस्तान से प्रस्ताव का वित्तपोषण करने और टीटीपी सदस्यों के पुनर्वास की लागत वहन करने के लिए कहा है। रिपोर्ट में कहा गया है, बैठक में बताया गया कि अफगान तालिबान ने अशांत शिनजियांग प्रांत में ईस्ट तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट (ईटीआईएम) के बारे में अपनी चिंताओं को दूर करने के लिए चीन के लिए इसी तरह का प्रस्ताव रखा है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।